आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 330 -● जबलपुर ● मंगलवार, 03 जनवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष शुक्ल पक्ष-11 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



## मप्र में सर्दी का सितम घना कोहरा, ठंड भी हाड़कंपाने वाली

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश में भीषण सर्दी पड़ रही है। पश्चिम से आने वाली हवाओं के स्ट्रांग और नमी के कारण हिमालय में बर्फबारी हुई है। इससे मैदानी इलाकों में ठंडी और नमी भरी हवाएं चलने से तापमान में तेजी से गिरावट हुई। हवाओं की स्पीड कम रहने के कारण प्रदेश के कई इलाकों में घना कोहरा छाया है। इस सीजन में पहली बार ठिठुरन का अहसास हुआ। प्रदेश के साथ ही देश के कई इलाकों में कोहरा छा गया। भोपाल में विजिबिलिटी 50 मीटर तक रह गई। देश में दूसरे नंबर पर सबसे घना कोहरा रहा। कुछ जिलों को छोड़ दिया जाए तो भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर समेत प्रदेश भर में पहली बार सीजन में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के नीचे आ गया। मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन ने बताया कि अगले दो दिन तक इसी तरह का मौसम रहेगा। उसके बाद न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी होगी, लेकिन तापमान में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं होगी। इधर, मौसम विभाग की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक मध्यप्रदेश के कुछ इलाकों जैसे जबलपुर, नर्मदपुरम, बैतूल, पचमढ़ी, भोपाल इंदौर में कहीं-कहीं बादल और हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने उत्तर भारत के राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया है। अगले चार से पांच दिनों के दौरान बिहार, यूपी, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में ठंड और बढ़ेगी। हल्की हवाओं और गंगा के मैदानी इलाकों में सतह के पास ज्यादा नमी के कारण कुछ क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहेगा।

## घुसपैठ की कोशिश में एक ढेर

**अमृतसर (पंजाब) , एजेंसी।** पंजाब में बार्डर सिक्योरिटी फोर्स अमृतसर खासा हेडक्वार्टर के तहत गांव दरिया मन्सूर पर मंगलवार तड़के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। बीएसएफ जवानों ने घुसपैठिए के शव के पास एक पंप एक्शन शॉटगन बरामद की है। इलाके की सघन तलाशी चल रही है। पहले घुसपैठिए को रोकने का प्रयास करते हुए उसे आत्मसमर्पण करने को कहा गया। लेकिन घुसपैठिए ने बीएसएफ जवानों पर फायरिंग करनी शुरू कर दी।

# कोहरे का कहर सड़क हादसों ने छिन ली 9 की जिंदगी




**नई दिल्ली, ईएमएस।** ठंड के दिनों में घना कोहरा मौत का कारण बनता है। हर साल कोहरे के कारण हादसों की खबर सामने आती है। अब एक मामला उत्तर प्रदेश के आगरा से आया है। जहां कोहरे के कारण युवक की रोड एक्सीडेंट में जान चली गई। इसके बाद जो हुआ उसकी कल्पना करना मुश्किल है। रास्ते में गाड़ियां शव को कुचलती रहीं।दरअसल आगरा हाईवे पर घना कोहरा था। सड़क पर शव किसी को नहीं दिखा। इस कारण वाहन शव को रौंदते रहे। लाश पूरी तरह से खराब हो गया था। कई हिस्सों में बंट गया और दूर-दूर तक बिखरा पड़ा था। सड़क खून से लाल हो गई थी।सोमवार सुबह जब कोहरा छटा तो लोगों की नजर पड़ी। इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने बताया कि शव को इतनी बार कुचला गया कि हड्डियां सड़क पर चिपक गई। यह हादसा आगरा के सिकंदरा में कीठम के पास हुआ।

### भिंड का रहने वाला है मृतक

मौके से मिली शर्ट से युवक की पहचान हो सकी। पुलिस ने क्षत-विक्षत शव को इकट्ठा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक की पहचान मध्यप्रदेश के भिंड के रहने वाले गौरव के रूप में हुई थी। पुलिस ने मृतक के परिजनों को जानकारी दे दी है। फिलहाल हादसे का कारण सामने नहीं आया है।

## छतरपुर में तेज रफ्तार बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई, तीन युवकों ने मौके पर तोड़ा दम



**छतरपुर यशभारत।** छतरपुर में सोमवार की रात भीषण हादसा हो गया। इस सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बड़ामलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मेलवार के पास खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से तेज रफ्तार पल्सर बाइक टकरा गई।हादसे में बाइक पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई।तीनों युवक बाइक से सोमवार रात आठ बजे भीमकुण्ड से लौट रहे थे।तभी मेलवार गांव के पास सड़क पर पत्थर से भरी खड़ी ट्रॉली से टकरा गए।जिससे तीनों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों को पुलिस 100 डॉयल वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां डॉक्टर हरगोविंद राजपूत ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही अस्पताल में तहसीलदार त्रिलोक सिंह पोषाम, थाना प्रभारी के खनेजा और भगवा थाना प्रभारी रूप नारायण भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे।पुलिस ने मृत युवकों के परिजनों को सूचना दी।जिसके बाद परिजन भी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।हादसे में भूपेंद्र सिंह (30 साल) ,सुरेंद्र साहू (20 साल), अंकुल नामदेव 20 9साल) निवासी नयागांव थाना बल्देव गढ़ जिला टीकमगढ़ की जान चली गई। हादसे के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।हादसा कैसे हुआ, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



## तमिलनाडु के कुड्डालोर में आपस में टकराई 5 गाड़ियां, एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**नई दिल्ली, ईएमएस।** तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले में त्रिची-चेन्नई हा॥ पर मंगलवार सुबह 5 गाड़यिा आपस में टकरा गई। इनमें दो निजी बसें, दो लॉरी और दो कारें थीं। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है, लेकिन आरसी बुक के मुताबिक, गाड़ी चेन्नई के नंगनल्लूर की थी। फिलहाल, मामले की जांच जारी है।

## सरकारी अस्पताल के ऑक्सीजन फ्लो मीटर में ब्लास्ट ,मरीज की आंख की पुतली फटी



**खंडवा ,ईएमएस।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिला अस्पताल के टीबी वार्ड में ऑक्सीजन फ्लोमीटर फटने से मरीज के परिजन की आंख की पुतली फट गई। हादसे में घायल मरीज को अस्पताल के नेत्र वार्ड में भर्ती किया है। अस्पताल प्रशासन का खेल देखिए नेत्र वार्ड में डॉक्टरों ने मरीज से उसकी फाइल में लिखवाया कि ऑपरेशन के दौरान उसकी आंख की रोशनी जा सकती है। इसकी जिम्मेदारी डॉक्टर स्टॉफ की नहीं वरन मरीज और उनके परिजन की रहेगी। वहीं सिविल सर्जन ने हादसे की जिम्मेदारी मरीज के परिजनों पर थोप दी।सिविल सर्जन ने कहा कि स्टाफ ने बताया कि परिजन ने मीडियम से हाई फ्लो ऑक्सीजन के लिए दबाव बनाया। जब ऑक्सीजन का प्रेशर बढ़ाया तो सिलेंडर में लगा कांच का फ्लो मीटर फट गया।



## आज यूपी में दाखिल होगी कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा
# दो दिन में तीन लोकसभा मथेंगे राहुल

**नईदिल्ली/लखनऊ/बागपतएजेंसी।** राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा मंगलवार को दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके में स्थित हनुमान मंदिर से चलेगी और दोपहर में गाजियाबाद में दाखिल होगी। यूपी में दो दिन की यात्रा में राहुल गांधी तीन लोकसभा व छह विधानसभा को साधेंगे। गाजियाबाद के रास्ते यह यात्रा पश्चिम के ही कुछ जिलों से गुजरेगी, लेकिन पूरे प्रदेश से लोगों को बुलाया गया है। कांग्रेस ने पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के अलावा प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं और छोटे दलों के प्रतिनिधियों को भी यात्रा में शामिल होने का न्योता दिया गया है। कांग्रेस का प्रयास है कि यात्रा के जरिए अपनी ताकत दिखाने के साथ ही विपक्षी एकता का अवसर भी इसे बनाया जाए।यूपी में कांग्रेस की यात्रा की शुरुआत गाजियाबाद जिले की लोनी विधानसभा से होगी।

## बंगाल में वंदे भारत ट्रेन पर पथराव :गेट और विंडो में आई दरार

**कोलकाता, ईएमएस।** पश्चिम बंगाल के मालदा में सोमवार रात वंदे भारत ट्रेन पर पथराव किया गया है। घटना कुमारगंज रेलवे स्टेशन के पास की है। जानकारी के मुताबिक ट्रेन रविवार को न्यू जलपाईगुड़ी से खुली थी। हावड़ा आने के दौरान मालदा स्टेशन के पास अज्ञात लोगों ने ट्रेन पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। जिसके चलते कोच सी-13 का गेट और विंडो क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, पश्चिम बंगाल में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने घटना को लेकर हद्घ जांच की मांग की है। बता दें कि पीएम मोदी ने 4 दिन पहले पश्चिम बंगाल की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई थी। बंगाल की छ्रट्ठ ममता बनर्जी भी इसमें शामिल हुई थीं। ममता के कार्यक्रम में पहुंचते ही हावड़ा स्टेशन पर जबरदस्त ड्रामा भी हुआ था।

## आज निर्विरोध निर्वाचित ग्राम पंचायतों की पुरस्कार राशि बढ़ाने पर होगा निर्णय

### 20 प्रस्तावों पर लगेगी शिवराज कैबिनेट की मुहर



**भोपाल यशभारत।** प्रदेश में निर्विरोध निर्वाचन वाली ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत करने के लिए राशि बढ़ाने और नए पुरस्कार के प्रविधान के कार्योत्तर अनुमोदन का प्रस्ताव मंगलवार को कैबिनेट मे रखा जाएगा। मंगलवार को मंत्रालय में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट बैठक में 20 प्रस्तावों पर चर्चा होगी और निर्णय लिया जाएगा। लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग के दो प्रस्तावों में इंदौर के वार्ड नंबर 35 में तलावली चांदा के पास स्थित राजस्व विभाग की भूमि और सागर के वार्ड नंबर 47 में ग्राम तिलिमाफी स्थित राजस्व विभाग की भूमि के परिसंपत्ति का निर्वर्तन का प्रस्ताव कैबिनेट में स्वीकृति के लिए रखा जाएगा।इसके अलावा इंदौर के सांवेर के ग्राम बुढ़ीबरलाई में शैक्षणिक प्रयोजन के लिए सिद्धी विनायक बाल कल्याण समिति को 1204 वर्गमीटर भूमि आवंटित करनेए गुना के महावीरपुरा में 0ण्627 हेक्टेयर भूमि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर को भवन निर्माण के लिए स्थायी लीज देने और बुरहानपुर में भाजपा कार्यालय को तीन हजार वर्गफीट भूमि देने का प्रस्ताव पर कैबिनेट में निर्णय लिया जाएगा।

पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग

घर-घर का पंडित बना अरुणोदय पंचांग




## स्कूटी पर बैठी थी एक और लड़की घायल होने के बाद मौके से भागी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के कंझावला कांड में पुलिस ने 5 आरोपियों से जब कड़ी पूछताछ की है तो उन्होंने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक जब हमने मृतिका के रास्ते का पता लगाया तो पता चला कि वह अपनी स्कूटी पर अकेली नहीं थी। हादसे के वक्त उसके साथ एक लड़की थी। वह घायल हो गई और मौके से भाग गई लेकिन मृतिका का पैर कार में फंस गया, जिसके बाद उसे घसीटा गया। पुलिस के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज में युवती के साथ के एक अन्य लड़की दिखी, जो स्कूटी पर सवार थी। पुलिस ने फुटेज की पुष्टि की। इसके अलावा दिल्ली पुलिस को एक होटल मैनेजर ने बताया कि दोनों ही लड़कियां किसी बात को लेकर आपस में बहस कर रही थीं, तब नाइट वाले मैनेजर ने उनको कहा कि लड़ो मत फिर वो नीचे जाकर लड़ने लगीं। नीचे जब वो लड़ रही थीं तो आस-पड़ोस वालों ने भी उन्हें रोका, जिसके बाद वो स्कूटी पर बैठकर चली गई। घटना से पहले मृतिका और उसकी दोस्त इसी होटल से साथ में स्कूटी पर सवार होकर साथ में निकली थी।पुलिस ने बताया कि भी आरोपियों की पहचान दीपक खन्ना (26), अमित खन्ना (25), कृष्णन (27). मिथुन (26) और मनोज मित्तल (27) के रूप में हुई है। कड़ी पूछताछ ने आरोपियों ने इस घटना के बारे में कई खुलासे किए हैं। दिल्ली पुलिस फिलहाल पांचों आरोपियों के बयानों की जांच कर रही है और कंझावला कांड को लेकर गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस से रिपोर्ट भी तलब की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इस मामले की पूरी जानकारी दी गई है, वहीं दूसरी ओर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को तलब करके इस पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी है।



## नाबालिग से दुष्कर्म ,बैतूल में पसरा तनाव, आक्रोशित लोगों ने आरोपित की कार जलाई

**बैतूल, यशभारत।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित आजाद वार्ड में 14 वर्षीय एक किशोरी के साथ दुराचार की घटना सामने आने के बाद सोमवार रात सांप्रदायिक तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। आजाद वार्ड के लोग बड़ी संख्या में एकत्र होकर आरोपित के घर के सामने पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे। आक्रोशित लोगों ने घर के सामने ख?ी आरोपित की कार पर पहले पथराव किया और उसके बाद भीड़ ने उसमें आग लगा दी। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस बल पहुंचा और हालात को काबू में किया। पुलिस ने अश्रु गैस छोड़ने के साथ हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर किया। कोतवाली थाना प्रभारी अजय सोनी ने बताया कि आजाद नगर वार्ड में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी और उसके परिजनों ने थाने में आकर दुराचार की शिकायत दर्ज कराई है।

## क्या सार्वजनिक पद पर बैठे लोगों के बोलने के अधिकार पर लगेगी पाबंदी, सुप्रीम कोर्ट का फैसला आज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट आज अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक मामले में अहम फैसला सुनाने वाला है। सुप्रीम कोर्ट आज तय करेगा कि क्या सार्वजनिक पद पर बैठे व्यक्ति के बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार पर पाबंदी लगाई जा सकती है या नहीं। जस्टिस एसए नजीर की अध्यक्षता वाली 5 न्यायाधीशों की संविधान पीठ बोलने की आजादी से जुड़े इस मामले में अहम फैसला सुना सकती है।गौरतलब है कि जस्टिस नजीर 4 जनवरी को रिटायर हो रहे हैं।ऐसे में इस मामले में आज ही सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ फैसला सुना सकती है। सुप्रीम कोर्ट की मंगलवार की कार्यसूची के अनुसार मामले में दो अलग-अलग फैसले होंगे, जो जस्टिस रामासुब्रमण्यम और जस्टिस नागरत्ना सुनाएंगे।सुप्रीम कोर्ट इस मामले में 15 नवंबर को अपना फैसला सुरक्षित रखा था और कहा थी कि सार्वजनिक पदों पर बैठे लोगों को ऐसी बातें नहीं करनी चाहिए, ।

### साइंटिफिक अप्रोच के साथ बढ़ रहा भारत
## हमारी ओर देख रही दुनिया...बोले पीएममोदी



**नई दिल्ली एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय विज्ञान कांग्रेस को संबोधित करते हुए कहा, भारत अगले 25 वर्षों में जिस ऊंचाई पर होगा, उसमें भारत की वैज्ञानिक शक्ति की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा, साइंस में पैशन के साथ जब देश की सेवा का संकल्प जुड़ जाता है तो नतीजे भी अभूतपूर्व आते हैं। आज का भारत जिस साइंटिफिक अप्रोच के साथ आगे बढ़ रहा है, हम उसके नतीजे भी देख रहे हैं। साइंस के क्षेत्र में भारत तेजी से विश्व के टॉप देशों में शामिल हो रहा है।प्रधानमंत्री ने कहा, इस बार भारतीय विज्ञान कांग्रेस की थीम भी एक ऐसा विषय है जिसकी दुनिया में सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है। दुनिया का भविष्य सस्टेनेबल डेवलमेंट के साथ ही सुरक्षित है। आपने सस्टेनेबल डेवलमेंट के विषय को महिला सशक्तिकरण के साथ जोड़ा है। आज देश की सोच केवल यह नहीं है कि साइंस के ज़रिए महिला सशक्तिकरण हो, बल्कि महिलाओं की भागीदारी से साइंस का भी सशक्तिकरण करें। साइंस और रिसर्च को नई गति दें, यह हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा, अभी भारत को त्न-20 अध्यक्षता की जिम्मेदारी मिली है। त्न-20 के प्रमुख विषयों में भी वुमन लीड डेवलपमेंट एक बड़ी प्राथमिकता का विषय है। पीएम मोदी ने कहा, बीते आठ वर्षों में भारत ने गवर्नेंस से लेकर समाज और अर्थव्यवस्था तक कई ऐसे असाधारण काम किए हैं, जिनकी आज चर्चा हो रही है। पिछले आठ वर्षों में एक्सट्रा मोरल रिसर्च एंड डेवलपमेंट में महिलाओं की भागीदारी दोगुनी हुई है।

# शहर से गांव तक बंदरों का आतंक काटते हैं, सामान उठाकर ले जाते हैं

**जबलपुर, यशभारत।** शहर और गांवों में लाल-काले मुंह वाले बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। नागरिकों द्वारा इन वन्यजीवों को मकान-दुकान से हटाने का प्रयास करते ही वह हमला कर देते हैं। शहर के बड़ा फुहारा, निवाड़गंज, मिलौनीगंज, एपीआर कटंगा कॉलोनी, गढ़ा, रांझी क्षेत्र में बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं। बंदरों द्वारा लोगों के घरों में घुस कर दैनिक खाने की सामग्रियों को उठाकर ले जाया जा रहा है। साथ ही वे घरों में घुसकर दहशत फैला रहे हैं। बड़ा फुहारा में तो वे सर्कस की तरह से तारों में झूलते हुए यहां से वहां कूंदते फांदते हैं और फिर एकाएक नीचे उत्र कर सामान उठाकर भाग जाते हैं। बंदरों के हमले से राहगीर भी घायल हां रहे है। स्थानीय वाशिंदे बताते हैं कि आबादी क्षेत्र में बंदरों के दल दिनभर उत्पात मचाते हैं। इन बंदरों को मौके से हटाने का प्रयास करते वह आक्रामक होकर दौड़ पड़ते हैं। तब नागरिकों को जान बचाने भागने के अलावा कोई दूसरा उपाय नहीं सूझता। घबराकर भागता व्यक्ति सीढ़ी से गिरकर, दीवार या वाहन से टकराकर घायल हो जाता है। तो कुछ घटनाओं में व्यक्ति पर बंदरों ने हमला करके नोंच-खसोट भी की है। इन घटनाओं की खबर से डरकर नागरिक बंदरों को अब लाठी दिखाने से भी बचते हैं। जबकि यह वन्यजीव घर व दुकान या संस्थान में घुसकर वहां रखी सामग्री को तहस-नहस कर देते हैं।शहर के बड़ा फुहारा, छोटा फुहारा, एपीआर कॉलोनी कटंगा, आमनपुर मदनमहल, बीटी बंगला गढ़ा, डॉक्टर कॉलोनी, धनवंतरि नगर, ग्वारीघाट, रामपुर, एपीआर कॉलोनी, सदर, बड़ा पत्थर रांझी, मानेगांव, खमरिया इस्टेट, वीएफजे इस्टेट में जगह-



जगह बंदरों के दल उत्पात मचा रहे हैं।बंदरों के हमले की घटनाएं होने पर गढ़ा, खमरिया, रांझी, वीएफजे इस्टेट से पुलिस कंट्रोल रूम, नगर निगम को सूचनाएं दी गई। करीब तीन माह पहले यह घटनाएं होने के बाद भी बंदरों को पकड़ने या देखने कोई नहीं आया। बंदरों के उत्पात से लोगों को मुक्ति दिलाने के लिये वन विभाग द्वारा वन कर्मियों एवं अन्य लोगों को ट्रेनिंग दी गई थी। इसके माध्यम से उत्पाती बंदरों को पकड़ना सिखाया गया था, लेकिन उत्पाती बंदरों की समस्या अभी भी शहर में पूर्व की भांति बनी हुई है। कुछ दिनों से लोगों द्वारा उत्पाती बंदरों की वन विभाग के अधिकारियों को लगातार शिकायतें भी की जा रही हैं, परन्तु विभाग इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। पीड़ितों ने अधिकारियों एवं क्षेत्रीय पार्षदों से बंदरों को पकड़वाने का अनुरोध किया है। शासकीय-निजी संस्थानों के अधिकारी वन्यजीव विशेषज्ञों से संपर्क करके बंदरों को पकड़ने राशि खर्च करने तैयार रहते हैं। इसलिए शहर में उत्तरप्रदेश के मथुरा व मेरठ जिले के लोग बंदर पकड़ने आते हैं। इन्हें एक-एक बंदर पकड़ने के बदले 5-6 सौ रुपये तक भुगतान करना पड़ता है।

## गांव में बढ़ रहा उत्पात

गांवों में भी बंदरों का उत्पात दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि यह बंदर अब तक कई महिला, पुरुष और बच्चों को काटकर घायल कर चुके हैं। जिससे लोग घरों की छतों पर भी जाने से डरने लगे हैं, लेकिन जिम्मेदार इन बंदरों को पक?ने की दिशा में कोई पहल नहीं कर रहे हैं। मामला बेलखाडू से पनागर रोड पिपरिया ,खिरिया, गांव का है। जहां करीब 150 से 200 बंदर है। जो लंबे समय से उत्पात मचा रहे हैं। जिससे स्थानीय रहवासी खास कर महिला और बच्चे इन बंदरों से भारी भयभीत रहते हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो गांव में बंदरों का आतंक इतना ज्यादा ब? गया है फसलों को भी बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं ग्राम के लोग कभी कोई सब्जी तक नहीं लगा पा रहा है अपने खेत में । यही नहीं अगर घरों के दरबाजे खुले रह जाए तो बंदर घर के अंदर रखे सामान को तोड़-फोड़कर खाद्य सामग्री को उठाकर और छीनकर ले जाते है। गांव में अधिकतर छप्पर वाले मकानों का छप्पर तोड चुके हैं बंदर लेकिन फिर भी मजबूर है लोग रहने के लिए 24 घंटा डर बना रहता है कि ना जाने बंदर कब घर के ऊपर छलांग लगा दे और कब क्या तोड़ डाले इस लिए छप्पर वाले मकान में रहने वाले परिवार को सबसे ज्यादा परेशानी होती है ना जाने कब खप्पर किसके ऊपर गिर जाए।




# विश्व की सबसे बड़ी वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस 6 से

### ब्रम्हर्षि मिशन समिति, जबलपुर के रजत-जयंती वर्ष पर हो रहा आयोजन

**जबलपुर यशभारत।** 6,7 एवं 8 जनवरी को विश्व की सबसे बड़ी वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस जबलपुर में , तीसरी बार आयोजित होगी यह आयोजन ब्रम्हर्षि मिशन समिति, जबलपुर के रजत-जयंती वर्ष पर हो रहा। यह बात पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए आयोजन समिति की प्रमुख सलाहकार परमपूज्य साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी ने कही। उन्होंने कहा कि बताया कि आयोजन पूज्य स्वामी विश्वभारती दीदी ( यूके ) एवं प्रो. राजेन्द्र अरुण ( मॉरिशस ) की स्मृति में समर्पित है । आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय विश्नोई ने बताया कि भारत सरकार, म.प्र. शासन एवं जबलपुर नगर पालिक निगम के द्वारा इस आयोजन को भव्य बनाने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है । साथ ही इस आयोजन के उदघाटन सत्र में सांसद एवं प्रखरवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी एवं आईसीसीआर के अध्यक्ष विनय सहस्त्रबुद्धे उपस्थित रहेंगे । आयोजन के संयुक्त अध्यक्ष पंडित अशोक मनोध्याय ने बताया कि इस कार्यक्रम में श्रीरामलीला समिति गढ़ा, जाबालिपुरम द्वारा शबरी प्रसंग एवं नंदी ग्राम की एक शाम का मंचन होगा । एवं दिनांक 6,7 एवं 8 जनवरी को अंजनिया जिला मंडला के ग्राम सीतारप्टम की वनवासी रामधुन मण्डली द्वारा अखण्ड रामधुन की प्रस्तुति होगी । आयोजन समिति के सचिव डॉ. अखिलेश गुमाश्ता ने बताया कि तृतीय वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की सफलता हेतु लगभग 13,000 सुन्दरकाण्ड पाठ डॉ. विनोद दुबे एवं डॉ. राजेन्द्र नेमा के संयोजन में किए गये हैं जिसकी पूर्ण आहुति 05 जनवरी को मानस भवन में होगी।

## यूँ ही हँसते -मुस्कराते रहो



मुस्कराने का नाम जिन्दगी है
यूँ ही हँसते -मुस्कराते रहो
सूरज न बन सको तो दीपक की लौ सही
जमाना अन्धेरे में है, रोशनी दिया करो
मुस्कराने का नाम जिन्दगी है
यूँ ही हँसते मुस्कारते रहो

**-मुन्ना साहू -मामा-**
**रामश्रयभवन के सामने**
**आगचौक जबलपुर**

## अमरकंटक धाम में भजनों की प्रस्तुति



**जबलपुर, यशभारत।** नए वर्ष के पावन उत्सव में मां के उद्गम स्थल अमरकंटक धाम में मां नर्मदा सेवा समिति जबलपुर द्वारा मां नर्मदा जी को चुनरी चढ़ाई गई एवं भव्य महाआरती एवं मां के चरणों में जबलपुर से सुप्रसिद्ध गायक पंडित प्रभात दुबे द्वारा मां के चरणों में भजनों की प्रस्तुति दी गई।

स्वच्छ भारत अभियान 2023

# सफाई मित्रों का विधायक रोहाणी ने किया सम्मान

### 100 से अधिक स्वच्छता मित्र शॉल, श्रीफल, से हुए सम्मानित: अभिभूत हुए

**जबलपुर,,यशभारत।** भारत सरकार द्वारा संचालित स्वच्छ भारत अभियान 2023 के अंतर्गत आज केंट विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत रानी अवंतीबाई वार्ड पार्षद सेवा केन्द्र एकता मार्केट में भव्य सम्मान समारोह के दौरान विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी एवं निगमाध्यक्ष रिंकुज विज के द्वारा 100 से अधिक सफाई मित्रों का शॉल, श्रीफल, कम्बल, मिष्ठान एवं कैलेण्डर देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी सम्मानित सफाई मित्र हमारे स्वच्छता के सच्चे सिपाही हैं। आज हम उनका सम्मान करके स्वयं को अभिभूत महशूस कर रहा हूॅ। इस अवसर पर सफाई मित्र भी सम्मान पाकर अभिभूत हुए और उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। कार्यक्रम के



संबंध में नगर निगम के अध्यक्ष रिंकू विज ने बताया कि यह सम्मान समारोह का सिलसिला लगातार जारी रहेगा। इस मौके पर आशीष राव, विभा उपाध्याय, अमर सिंह महोबिया, धीरज दीक्षित, भरत बिरहा, सुनील तिवारी, भागचंद पटेल, बलरामचंद्र बगड़ी, संतोष बैरागी, महेश पासी, आशीष झारिया आदि बड़ी संख्या में कार्यकत्ता उपस्थित रहे।

# भीड़-भाड़ से बचें , मास्क लगाएं , ओमिक्रोन बीएफ 7 की रोकथाम व बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**जबलपुर, यशभारत।** कोविड-19 वायरस ओमिक्रोन बीएफ-7 की रोकथाम व बचाव के लिए जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है। कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने बताया कि एडवाइजरी में नागरिकों से कहा गया है कि वे भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क का उपयोग करें। साथ ही अनावश्यक रूप से भीड़-भाड़ में जाने से बचें। शारीरिक दूरी का पालन करते हुए सेनिटाइजर का उपयोग करें। बार-बार साबुन पानी से हाथ धोएं। कोरोना से संबंधित लक्षण सामने आने पर



नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। कोरोना की रिपोर्ट पाजिटिव आने पर डाक्टर की सलाह के अनुसार होम अथवा संस्थागत आइसोलेशन में रहकर उपचार कराएं। उन्होंने कहा कि नागरिकों से अपेक्षा है कि एडवाइजरी का पालन कर कोरोना महामारी के प्रकोप से स्वयं बचें तथा दूसरों को भी बचाएं। आवश्यक होने पर धारा 144 के तहत कोविड गाइड लाइन जारी की जाएगी।

### अमेरिका से आई महिला की सेहत में सुधार

अमेरिका से आई कोरोना संक्रमित महिला की सेहत में सुधार हो रहा है। महिला को होम आइसोलेशन में रखा गया है। महिला की बेटी, पति व परिवार के अन्य सदस्यों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई। इधर, कोरोना संक्रमित महिला का सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए ग्वालियर भेजा गया है। जिसकी रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। इधर, सोमवार को 27 कोरोना संदिग्धों के सैंपल की जांच की गई। जिनकी रिपोर्ट निगेटिव रही। वहीं 53 संदिग्धों के सैंपल कोरोना परीक्षण के लिए वायरोलाजी लैब भेजे गए। जिले में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या एक रह गई है।

# अग्निवीर में चयनित जांबाजों का प्रशिक्षण शुरू



**जबलपुर, यशभारत।** अग्निवीर के रूप में चयनित जांबाजों का प्रशिक्षण शुरू हो गया। जबलपुर के तीन प्रशिक्षण केंद्रों में देश भर के चयनित युवा पहुंचे हैं। इसी तरह से जबलपुर भर्ती मुख्यालय से चयनित युवाओं को दूसरे प्रदेशों के प्रशिक्षण केंद्रों के लिए रवाना किया जा चुका है। जबलपुर में आयोजित अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया में अंतिम रूप से मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के 414 युवाओं का चयन हुआ था, जो कि प्रशिक्षण के लिए देश के दूसरे रेजीमेंटल सेंटरों में पहुंच चुके हैं। इसी तरह से देश के अन्य भर्ती केंद्रों से चयनित अग्निवीर जबलपुर के रेजीमेंटल सेंटरों में पहुंच चुके हैं। अग्निवीरों के प्रशिक्षण केंद्रों का निर्धारण आर्मी हेडक्वार्टर दिल्ली से लिया गया है।यहां तीन जगह होगा प्रशिक्षणमध्य-भारत एरिया के मुख्यालय जबलपुर में तीन ट्रेनिंग सेंटर (जम्मू एंड कश्मीर राइफाल्स, ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल ट्रेनिंग सेंटर और सिग्नल ट्रेनिंग सेंटर 1-एसटीसी) हैं। बता दें कि जबलपुर सेना के जवानों की ट्रेनिंग के सबसे बड़े सेंटरों में शामिल है।महिला अग्निवीरों की परीक्षा 15 कोपुरुष अग्निवीरों की ट्रेनिंग के साथ ही महिला अग्निवीरों की लिखित परीक्षा 15 जनवरी को होगी। इसमें 126 परीक्षार्थी भाग लेंगी। बता दें कि महिला अग्निवीर के लिए दौड़-कूद और मेडिकल टेस्ट का चरण 126 प्रतिभागी ही निकाल पाई थीं।



# कजरवारा शिधेश्वरी माता मंदिर में 56भोग, महाआरती।

**जबलपुर, यशभारत।** कजरवारा शिधेश्वरी माता मंदिर में नए वर्ष में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 56 भोग महाआरती का आयोजन भक्तों द्वारा किया। आयोजन समिति के साथ क्षेत्रीय जनता ने भी माई के भोग के समान भेंट कर भक्तिभाव से पूजन अर्चन किया। समिति अध्यक्ष विनोद जयसवाल,नकुल गुप्ता,मनोज चौधरी,अटल उपाध्याय,अनिल चौकसे,राजू कपूर पटेल,चिंटू पाल,विजय महोबिया,अभय उपाध्याय,नमन उपाध्याय ,अरुण चौकसे के साथ सभी माताओं, बहिनों, भक्तों ने महाआरती कर सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करने माता से प्रार्थना की।

## संभाग क्रमांक 1 गढ़ा के स्वच्छता मित्रों की कार्यशाला मानस भवन में आयोजित

**जबलपुर,यशभारत।** निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2023 के अंतर्गत शहर में विशेष साफ सफाई अभियान चलाने के साथ-साथ स्वच्छता मित्रों को भी प्रशिक्षित करने का कार्य संभागवार किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज संभाग क्रमांक 1 गढ़ा के सफाई मित्रों को मानस भवन प्रेक्षागृह में स्वच्छता संबंधी जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी के द्वारा स्वच्छता मित्रों को साफ सफाई संबंधी जानकारी देने के साथ साथ स्वच्छता के मापदण्डों के अनुरूप कार्य करने की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर संभाग क्रमांक 1 के अंतर्गत आने वाले सभी वार्डो के स्वच्छता मित्र कार्यशाला में उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना सम्मेलन 25 जनवरी को

### पंजीयन के लिए अविवाहित युवक/युवती अपना आवेदन फार्म संभागीय कार्यालयों से कर सकते हैं प्राप्त

**जबलपुर,यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन, सामाजिक न्याय एवं निःशक्त जनकल्याण विभाग के द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप नगर निगम सीमा क्षेत्रान्तर्गत 25 जनवरी को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगमाध्यक्ष रिंकू विज, नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल के साथ-साथ नगर निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ ने समस्त अविवाहित युवक/युवतियों से विनम्र अपील की है कि विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत पंजीयन कराने के लिए दिनांक 25 जनवरी के पूर्व सभी संभागीय कार्यालयों से आवेदन पत्र प्राप्त कर आवश्यक सभी दस्तावेजों को संलग्न करते हुए कार्यालय में जमा करें, ताकि आप सभी अविवाहित युवक युवतियों को योजना का लाभ मिल सके। इस संबंध में योजना प्रभारी इन्द्र कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में आवेदक को किसी प्रकार की समस्या हो तो संबंधित वार्ड पार्षद, नगर निगम के कमरा नं. 40 योजना शाखा के साथ-साथ अध्यक्ष कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

## सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी के 500 मेगावाट क्षमता के विद्युत गृह क्रमांक 4 ने बनाया बिजली उत्पादन का नया रिकार्ड

**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी के विद्युत गृह क्रमांक 4 की 250-250 क्षमता की दो इकाईयों द्वारा माह दिसंबर 22 में 370.9 मिलियन यूनिट का रिकार्ड उत्पादन किया गया, जो विद्युत गृह क्रमांक चार की स्थापना के समय से किसी भी माह का अब तक का सर्वाधिक मासिक उत्पादन है। विद्युत गृह की इकाई क्रमांक 10 से 18 अगस्त 2013 और इकाई क्रमांक 11 से 16 मार्च 2014 को वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ हुआ था। उल्लेखनीय है कि विद्युत गृह क्रमांक 4 द्वारा इस वर्ष माह दिसंबर तक का उत्पादन, प्लांट अवलेबिलिटी फैक्टर (पीएएफ) व प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) अभी तक का सर्वाधिक है वहीं विद्युत गृह की आक्जलरी खपत और विशिष्ट तेल खपत अभी तक की न्यूनतम दर्ज हुई है। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह क्रमांक 4 की इन इकाईयों का वर्ष 2022-23 मे माह दिसंबर 22 तक कुल विद्युत उत्पादन 2903.7 मिलियन यूनिट, पीएएफ 92 फीसदी एवं पीएलएफ 88 प्रतिशत रहा, जो इन इकाईयों की स्थपना वर्ष से अभी तक का (किसी भी वित्तीय वर्ष मे दिसंबर माह तक) का सर्वाधिक है। विद्युत गृह की आक्जलरी खपत (सहायक संयंत्र खपत) 8.2त्न व विशिष्ट तेल खपत 0.20 मिली लीटर प्रति इकाई रही जो अभी तक की न्यूनतम है।

कर्मचारी जगत

# नियमों मे संशोधन करते हुए उच्च श्रेणि शिक्षक/ व्यख्याता के पद पदोन्नति से भरे जाएं



**जबलपुर,यशभारत।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने बताया कि वर्तमान में उच्च श्रेणी शिक्षक/ व्यख्याता के पद 100 प्रतिशत पदोन्नति से भरे जाने का प्रावधान किया जाना चाहिए, जिससे वर्षो से एक ही पद पर कार्य कर रहे सहायक शिक्षकों और कर्मचारियों को आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त हो सके जिससे आपसी क्लेश और दवंदता समाप्त होगी, और वर्षो से कार्य कर रहे वरिष्ठ कर्मचारियो और सहायक शिक्षकों के अनुभव का उपयोग भी होगा. परंतु यह देखा जा रहा है की शिक्षा विभाग मैं आयुक्त कार्यालय द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा. भर्ती नियमो मे वर्तमान परिप्रेक्ष्य मे देखा जाए तो कम से कम 75 से 80 प्रतिशत पद उच्च श्रेणि और व्याख्याता के पदोन्नति से भरे जाने चाहिए. शेष 20-25 प्रतिशत पद विशेष परिस्थिति मे अति आवश्यता होने पर सीधी भर्ती से भरे जाने का प्रावधान होना चाहिए संघ के जिलाध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, राकेश श्रीवास, हेमंत ठाकरे, शहीर मुमताज, दिनेष गौड़, स्टेनली नॉबर्ट, आदि ने यह मांग की है ।

## अव्यवथाओं की शासकीय प्राथमिक शाला,ऐठखेड़ा

**जबलपुर, यशभारत।** संकुल केंद्र शासकीय हाई स्कूल डगडगाहिनोता(घूँसौर )के अंतर्गत आने वाली शासकीय प्राथमिक शाला,ऐठखेड़ा वर्तमान में च्अंधेर नगरी चौपट राजा च्कहावत को चरितार्थ करता हुआ एक नया उदाहरण है। शाला में बच्चों की दर्ज संख्या कक्षा 1 से 5 तक 67 है। ये सभी अलग -अलग कक्षा स्तर के छात्र छात्राएं बेचारे इन छोटे छोटे दो कमरों में एकसाथ अध्यनन कर रहे है। सोचने वाली बात है,कि तीन शिक्षक तीन अलग अलग विषयों को दो आपस में जुड़े कमरों में जब 50 से अधिक छोटे छोटे बच्चों को एकसाथ पढ़ाते होंगे तो कैसा नजारा होगा।ये उन नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है जो देश के कर्णधार हैं। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर भास्कर गुप्ता, जी आर झारिया, विश्वनाथ सिंह,आकाश भील,दुर्गेश खातरकर, राकेश मून, नितिन तिवारी,समर सिंह ऋषि पाठक,महेश मेहरा,अजब सिंह, इमरत सेन, राशिद अली,विशाल सिंह, विष्णु झारिया,सुरेन्द्र परसते,कमलेश दुबे, आदि ने मांग की कि शीघ्र पूरे जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में एक अभियान चलाकर व्यापक सुधार किया जावे।

# प्रथम ट्रांसको प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता उद्घाटित





**जबलपुर यशभारत।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के तत्वावधान में प्रथम अंतर विभागीय ट्रांसको प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी ने पांडूताल मैदान रामपुर में किया । प्रतियोगिता के संयोजक श्री एस सी घोष ने जानकारी दी कि यह प्रतियोगिता 2 जनवरी से 10 जनवरी तक आयोजित है जिसमें मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के विभिन्न विभागों की टीमें हिस्सा ले रहीं है ।

## उद्घाटन मैच में टेस्टिंग टाइटन्स की टीम ने दर्ज की पहली जीत

प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर खेले गए प्रथम मैच में मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की टेस्टिंग टाइटन्स ने ईएचटी जायन्टस को 33 रन से हराकर पहली जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए टेस्टिंग टाइटंस की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 3 विकेट खोकर 90 रन बनाएं जिसमें चेतन यादव ने धुंआधार सर्वाधिक 32व रतनेश ने 28 रन बनाए। ईएचटी जायन्टस की ओर से एस सी घोष ने और आशीष चौधरी ने 1-1 विकेट लिया । जवाब में खेलने उतरी ईएचटी जायन्टस की टीम निर्धारित 12 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर कुल 57 रन ही बना सकी । ईएचटी जायन्टस की ओर से शुभम ने सर्वाधिक 16 रन व आशीष ने 13 रन बनाए । टेस्टिंग टाइटन्स की तरफ रघु लोधी ने तीन व मयंक पंजवानी ने दो विकेट लिया ।रघु लोधी को मैन आफ द मैच घोषित किया गया।

## साक्षरता अभियान व्यापक प्रशिक्षण शुरू

**जबलपुर यशभारत।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के विकासखण्ड सह समन्वयक नगर 2 श्री इन्द्रपुरी गोस्वामी ने बताया कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय एवं मध्यप्रदेश सरकार का प्राथमिकता प्राप्त नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का एक दिवसीय प्रशिक्षण जनपद शिक्षा केन्द्र जबलपुर नगर -2 के अन्तर्गत हसंकुलो (शारा हाई स्कूल बेलबाग, शास. उ.मा.वि धमापुर, शास. उ.मा.वि. गोकलपुर, शारा.उ.मा.वि. व्यौहारबाग, शास. उ. मा. वि. गनेशगंज शास. हाई स्कूल व्हीकल ) में दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ जो 6 बजे तक चलंगा। प्रशिक्षण में विकासखण्ड के 76 शासकीय स्कूल अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रधानाध्यापक सम्मिलत हुए। संकुल स्तर पर संकुल पाचायों के निर्देशन में विकासखण्ड के प्रशिक्षको द्वारा प्रशिक्षण में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के महत्व एव कियान्वयन पर पी.पी.टी के माध्यम से 15 वर्ष से अधिक शहरी क्षेत्रों में निवासरत ऐसे व्यक्ति जिन्होने अभी तक औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं की है उनका चिन्हांकन पश्चात प्रौढ़ शिक्षा मोबाइल एप मे पंजीकृत करने की प्रक्रिया से अवगत कराया जिसकी सतत मॉनीटरिंग जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी योगेश शर्मा जी जिला सह जावेगा। समन्वयक प्रकाश चंदेल जी विकासखण्ड सोत समन्वयक अशीष श्रीवास्तव जी अजय रजक अरविन्द खरे व चन्द्रभान शिल्पकार द्वारा की जावेगी।

## बहू को ग्वारीघाट ले जा रही थी घुमाने, बाइक ने बीच रास्ते रौंदा

# आरडीवीवी सफाई कर्मी महिला की दर्दनाक मौत



**बहू और नातिन घायल, पुलिस जांच जारी**

**जबलपुर, यशभारत।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में बहू और नातिक के साथ ग्वारीघाट घूमने जा रही आरडीवीवी महिला सफाई कर्मचारी की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गयी। मृतिका स्कूटी में सवार थी, तभी सुअरकोल रोड पर एक बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के दौरान मृतिका वाहन समेत हवा में उछलकर, रोड से दस फिट दूर जा गिरी। आनन-फानन में 108 से तत्काल घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के साथ महिला की सांसे थम गयीं। तो वहीं हादसे में स्कूटी में सवार बहू और नातिन को भी चोटें आईं है। जिसका इलाज जारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। डुमना चौकी प्रभारी विनोद पटैल ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शीला इमलाहा 47 साल पति स्व किशोर इमलाहा महगवां रोड निवासी थीं और पेशे से आरडीवीवी में सफाई कर्मचारी थीं। जो नव वर्ष के चलते अपनी स्कूटी से बहू और नातिन के साथ ग्वारीघाट घूमने जा रही थीं। तभी सुअरकोल मेन रोड पर एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में बहू और नातिन को ज्यादा चोटें नहीं है, लेकिन स्कूटी चला रही मृतिका को घटना के दौरान सिर में गंभीर चोट आईं। जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन खून अधिक बहने के कारण महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस बाइक सवार युवक की सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है।



# परिवार के साथ पिकनिक मनाने गया युवक नर्मदा में डूबा

## रेस्क्यू दल ने एक दिन बाद नदी में खोजा शव, चीख पड़े परिजन

**जबलपुर, यशभारत।** पत्नी एवं अपनी छोटी बहन के साथ पिकनिक मनाने बिजौरी से मुरकटिया घाट पहुंचा युवक नर्मदा नदी के तेज बहाव में बह गया। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और होमगार्ड ने रेस्क्यू कर करीब एक दिन बाद नदी से शव को खोजकर बाहर निकाला। सुबह से शुरू हुए रेस्क्यू दौरान टीम ने करीब 2 किलोमीटर आगे तक युवक की खोजबीन की लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं मिल पा रहा था,लेकिन बाद में शव उतराते हुए जैसे ही लोगों की नजर पड़ी, परिजनों की चीखे निकल गईं। थाना प्रभारी चरगवां विनोद पाठक ने बताया कि ग्राम बिजौरी निवासी राहुल गोंड 25 साल नए साल में पिकनिक मनाने के लिए पत्नी सावित्री एवं बहन पूजा के साथ मुरकटिया घाट पहुंचा था। राहुल नर्मदा नदी में नहाने के लिए उतरा और पानी के तेज बहाव में देखते-देखते बह गया। मौके पर मची चीख-पुकार के बाद कुछ लोगों से उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह पानी में डूब गया। एनडीआरएफ एवं पुलिस की टीम घटना स्थल से लेकर आसपास के घाट में लापता युवक को तलाश कर रही थी। तभी मुस्तैद टीम को घटनास्थल के पास ही युवक का शव बमुश्किल मिला। जिसे पुलिस ने पीएम हेतु भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

# मेडिकल में कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन

**मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ ने किया हंगामा**

## डीन के आने के पहले घेर लिया कार्यालय, घंटों मशक्कत के बाद कर्मचारियों से मिली डीन

**जबलपुर, यशभारत।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में लघु वेतन कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने डीन कार्यालय का घेराव किया। डीन के कार्यालय पहुंचने के पहले ही कर्मचारियों ने कार्यालय का घेराव कर दिया जिससे नाराज डीन जैसे ही कार्यालय पहुंची तो उन्होंने विरोध प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों से बगैर बात किए अपनी केबिन में चली गई। घटों विरोध प्रदर्शन के बाद डीन कार्यालय से बाहर आई और कर्मचारियों की बात सुनी। लघु वेतन कर्मचारी संघ के अजय दुबे, रविंद्र राय ने कहा कि संस्था में पदोन्नति प्रक्रिया नियम विरुद्ध की जा रही है वर्तमान में संभागायुक्त कार्यालय के पत्र क्रमांक 665 दिनांक 18/11/2022 यह उल्लेखित करते हुए निरस्त किया है कि पदोन्नति के पद को सीधी भर्ती प्रक्रिया से नहीं भरा जाएगा अतः विज्ञप्ति क्रमांक 9954 दिनांक 13/10/2022 को तत्काल



प्रभाव से निरस्त किया जाए । उक्त अनुसार पूर्व में ऐसे कई पद संस्था में व्याप्त हैं जिन्हें नियम विरुद्ध पूर्व में पदोन्नति दी गई थी वर्तमान स्थिति में उनके विरुद्ध रिकवरी एवं अनुमोदन के जैसी अन्य समस्याऐं निर्मित है अतः पदोन्नति प्रक्रिया को सामान्य प्रशासन के नियम अनुसार किया जाए। संस्था में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के अनुकंपा नियुक्ति के कई प्रकरण लंबित हैं जिनमें स्थानीय कार्यालय द्वारा संबंधित को बताया जा रहा है कि संस्था में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद रिक्त नहीं हैं अतः उक्त अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों का अविलंब निराकरण किया जावें। संस्था में 2016 में व्यापम भर्ती प्रक्रिया द्वारा की गई कर्मचारियों की नियुक्ति में कई अनिमियताओ एवं नियम विरुद्धता के कारण कई कर्मचारियों की रिकवरी की स्थिरी निर्मित की गई कारणवश मजबूरन संबंधित कर्मचारियों को माननीय उच्च न्यायाल की शरण लेनी पड़ी। माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार संबंधित कर्मचारी की नियमित स्थापना मानी जाना सुनिश्चित किया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट पाटन जिला जबलपुर**

**// आम इश्तहार//**

CASE N0093/B-121/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम सरौद तहसील पाटन जिला जबलपुर (म.प्र.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक ब्रम्हचारी सुबुद्धानंद पिता ब्रम्हलीन जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज निवासी परमहंसी गंगा आश्रम, झोतेश्वर हाल-मुकाम बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य आश्रम जबलपुर द्वारा मौजा सरौद तहसील पाटन जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 373 रकवा 4.0600 हे0 एवं खसरा नंबर 374 रकवा 9.0800 हे0 भूमि पर से श्री जगदगुरु शंकराचार्य जी महाराज स्वामी स्वारूपानंद सरस्वती का नाम विलोपित करते हुये राजस्व अभिलेख में सरवराहकार के रूप में ज्योतिषपीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य श्री अभिमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ज्योतिष मठ बद्रिकाश्रम हिमालय के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र के साथ नोटाईज्ड शपथ पत्र, वाणिज्य कर की रसीद, उद्घोषणा पत्र, /इच्छा पत्र, मृत्यु प्रमाण, एवं खसरा नकल सहित प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त वर्णित भूमि पर से श्री जगदगुरु शंकराचार्य जी महाराज स्वामी स्वारूपानंद सरस्वती का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर ज्योतिषपीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य श्री अभिमुक्तेश्वरानंद, सरस्वती ज्योतिष मठ बद्रिकाश्रम हिमालय का नाम राजस्व अभिलेखों में सरवराहकार के रूप में दर्ज किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वयं उपस्थित होकर वैद्य प्रतिनिधि अथवा अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 05.01. 2023 तक न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त दावे एवं आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 21.12.2022
नियत दिनांक 05.01.2023


**अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट पाटन जिला -जबलपुर**

## रंजिशन ड्राइवर को चाकुओं से गोदा

**गुटखा लेकर लौट रहा था घर, 1 आरोपी पुलिस गिरफ्त में, दूसरा फरार**

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल के संजयनगर में पुरानी रंजिश पर गुटखा लेकर घर लौट रहे ड्राइवर से पहले तो दो युवकों ने जमकर गालीगलौच की और फिर चाकू से पेट में ताबड़तोड़ वार कर मरणासन्न कर दिया और मौके से फरार हो गए। जिसके बाद आनन-फानन में घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसका इलाज जारी है। वहीं, 307 सहित विभिन्न धाराओं में पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए एक आरोपी को दबोच लिया है, वहीं दूसरे की तलाश जारी है। जानकारी अनुसार पुलिस को सौरव 24 वर्ष निवासी संजयनगर अधारताल ने बताया कि वह ड्रायवरी करता है । देर रात वह गुटखा लेकर अपने घर जा रहा था, खेरमाई मंदिर के पास समीर कुशवाहा, भोला कुशवाहा मिले और गाली गलौज करते हुये दोनो ने जान से मारने की नियत से उस पर चाकू से पेट सहित पूरे शरीर में वार कर घायल कर दिया। जिसके बाद पुलिस की गठित टीम द्वारा सरगर्मी से तलाश कर आरोपी भोला उर्फआयुष कुशवाहा 19 वर्ष निवासी संजय नगर को अभिरक्षा में लेते हुये फ्रार समीर की तलाश जारी है।

## नव वर्ष के जश्न में शराब पी और लगा ली फांसी



**पेड़ में लटका मिला शव**

**जबलपुर, यशभारत।** नववर्ष के जश्न में जमकर शराब पार्टी करने के बाद एक युवक ने पेड में फंदा बनाकर आत्महत्या कर दी। पूरा मामला माढोताल के करमेता क्षेत्र का है। जहां आज सुबह लोग उस वक्त ठिठक गए उन्होंने पेड़ में लटके हुए युवक का शव देखा। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए, मामला जांच में लिया है। थाना प्रभारी रीना पांडेय शर्मा ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि करमेता निवासी अजय कोल उम्र 25 साल ने पेड से लटककर आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस को कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मृतक पेशे से मजदूरी करता था और शराब का शौकीन था। बताया जाता है कि युवक ने पहले तो जमकर पार्टी की और फिर नशे में धुत्त होकर फंदे पर झूल गया। पुलिस पूरे मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही है।

## सोसायटी चुनाव में मतदान के पूर्व रात में मारपीट

**सुबह 6 बजे से मतदान शुरू, पहली बार फैक्ट्री में पुलिस तैनात**



**जबलपुर यशभारत।** खमरिया को आपरेटिव सोसायटी में87 डेलीगेटों के लिए आज सुबह6बजे से मतदान शुरू हो गया है जो दोपहर 3 बजे तक चलेगा।उसके बाद गिनती शुरू होगी और एक घंटे में परिणाम आ जाएगा।यद्यपि मतदान शांति पूर्ण हो रहा है।लेकिन रात में एक यूनियन के शीर्ष नेता ने अपने एक साथी के साथ अपने ही कुछ कार्यकर्ताओं को पार्टी के लिए बुला कर उनमें दो कार्यकर्ताओं के साथ इस लिए मारपीट कर दी कि उन पर विरोधी को वोट डालने की आशंका थी।बहरहाल उनमें सुबह सुलह होने की खबर है।लेकिन रात की घटना को देखते हुए खमरिया प्रशासन ने पुलिस और जिला प्रशासन को सूचना के आधार पर पहली बार निर्माणी के अंदर पुलिस और एस डी एम की उपस्थिति में मतदान कराया जा रहा। ज्ञात हो कि6माह पूर्व को आपरेटिव सोसायटी भंग होने के बाद सहकारिता विभाग द्वारा प्रशासक नियुक्त कर दिया गया था।एक ओर लेबर कामगार और एस सी/एस टी यूनियन जहां जल्द चुनाव के पक्ष में थे।वहीं इंटक यूनियन उत्पादन टारगेट को लेकर चुनाव टालने के लिए दबाव बना रही थी।हालांकि शंका निर्मूल रही।निर्माणी में पहली बार बिना चुनावी सभा और रैली के उत्पादन के साथ उम्मीदवारों का जनसंपर्क जारी रहा।इस संबंध में इंटक यूनियन के महामंत्री आनंद शर्मा का कहना है कि दूसरी यूनियन के लोग ही हमारी यूनियन के लोगों को लेकर आये थे ये मुझे बदनाम करने की साजिश है।बहरहाल खमरिया में शांति पूर्ण मतदान जारी है।कुल98 प्रत्यायुक्तों में से 87का चुनाव हो रहा है।शेष11पूर्व में निर्विरोध चुने जा चुके हैं। शाम4बजे तक परिणाम आ जायेंगे।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र./अ-6/2021-2022
जबलपुर, दिनांक 02/1/ 23

**-: आम इश्तहार :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री वरदान दुबे पिता संजय दुबे निवासी वृंदावन की गली दीक्षितपुरा जबलपुर के द्वारा मौजा ब्लॉक 04 स्थित भूमि खसरा नंबर पीएन 85,90, 91,92/1 में से रकवा 4715 वर्गफुट भूमि पर शिव प्रसाद शुक्ला की मृत्यु 10/8/2022 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 17.1.2023 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 02/1/2023
पेशी दिनांक - 17/1/2023

**तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**

# जनेकृविवि में कैलेंडर कृषिका 2023 का विमोचन कृषि संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों का अनूठा संग्रह

**जबलपुर ,यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा द्वारा वर्ष 2023 का कैलेंडर, डायरी एवं टेबिल कैलेंडर का विमोचन किया किया। कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा ने इसे कृषकों, वैज्ञानिकों, कृषि विस्तार कार्यकर्ताओं और छात्रों के लिये बहुउपयोगी बताया है। उन्होंने कहा कि इसमें वर्षभर के लिये प्रतिमाह की कृषि संबंधी महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारियां संग्रहित की गई हैं। जिससे कृषक लगातार अपडेट रहेंगे। कुलपति डॉ. मिश्रा ने अधिकारी, शिक्षक, वैज्ञानिक, कर्मचारी और छात्रों



से संस्था और राष्ट्रहित में मिलजुलकर कार्य करने का आव्हान किया है। पुष्पों से लबरेज हरियाली की चादर ओढ़े नेहरू गार्डन में खुशगवार माहौल में नववर्ष 2023 की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया गया। कैलेंडर विमोचन के अवसर पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी के कौतू संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक प्रक्षेत्र डॉ दीप पहलवान, लेखानियंत्रक श्री व्ही. एन. बाजपेयी, उप लेखानियंत्रक डॉ अजय खरे, उपकुलसचिव डॉ आर के समैया, उपकुलसचिव डॉ. टी.आर. शर्मा, सुरक्षा अधिकारी डॉ. योगेश मोहन शर्मा, इजी एस के जैन, डॉ. यतिराज खरे, डॉ प्रमोद कुमार गुप्ता, डॉ सिद्धार्थ नायक, डॉ. रिचा सिंह सहित अधिकारी, वैज्ञानिक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (परियोजना क्रियान्वयन इकाई) सिवनी**
**निर्माण भवन, प्रथम तल, कलेक्टर कैम्पस, जिला—सिवनी (मध्यपद्रेश)**

दूरभाष क्र. 07692-225559 E-mail:-dpepiu.seoni@mp.gov.in, dpepiuseoni@gmail.com

एनआईटी नं.—28/2022/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/जी/एपीडी जबलपुर दिनांक 28.12.2022

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :—

| स.क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2022_PWPIU_240825_1 | आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास भवन घाटकोहका जिला सिवनी का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | सिवनी (म.प्र.) | 332.89 | 332890.00 | 15000.00 | 12 माह वर्षाकाल सहित |

1— निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http:// mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2— निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन—लाईन पोर्टल पर केडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3— निविदा प्रपत्र केवल ऑन—लाईन दिनांक 30.12.2022 से दिनांक 14.01.2023 तक खरीदा जा सकेगा। अन्य जानकारी बेवसाईट पर देखी जा सकती है।
4— निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-11115/22

संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग (पी.आई.यू.) सिवनी

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (लोककर्म विभाग)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

N.I.T. No./PWD/e-tendering/PRO/616 दिनांक 02.01.2023

पंजीकृत ठेकेदार/मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | पैकेज/ कोड | कार्य का विवरण | जिला | अनुमानित लागत (लाख में) | निर्माण अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सं.क्रं.-10 | अम्बेडकर वार्ड अंतर्गत खालसा स्कूल के पास गुरूद्वारा से मेन रोड तक नाली निर्माण कार्य। (पार्षद अनुसंशा) | जबलपुर | रू. 1.78 लाख (एक लाख अठहत्तर हजार रूपये मात्र) | 02 माह |
| 2 | सं.क्रं.-10 | अम्बेडकर वार्ड अंतर्गत शारदा नगर में रामदास के मकान से आशीष शुक्ला एवं अनिल मलिक से गोविन्द समुन्द्रे तक पेवर ब्लाक का कार्य। (पार्षद अनुसंशा) | जबलपुर | रू. 2.63 लाख (दो लाख तिरसठ हजार रूपये मात्र) | 02 माह |
| 3 | सं.क्रं.-10 | अम्बेडकर वार्ड अंतर्गत शारदा नगर में कंधीलाल से भजन लाल एवं रामकुमार लोधी से शुक्ला जी के घर तक पेवर ब्लाक का कार्य। (पार्षद अनुसंशा) | जबलपुर | रू. 2.28 लाख (दो लाख अट्ठाईस हजार रूपये मात्र) | 02 माह |
| 4 | सं.क्रं.-10 | शहीद भगत सिंह वार्ड में रविदास नगर नई बस्ती में उषा चौधरी के बाजू से पवन मूर्तिकार के बाजू तक सीमेन्टीकरण कार्य। (पार्षद अनुसंशा) | जबलपुर | रू. 1.37 लाख (एक लाख सैंतीस हजार रूपये मात्र) | 02 माह |
| 5 | सं.क्रं.-10 | वार्ड में मरघटाई क्षेत्र में मनोज चौधरी के मकान से मालती विश्वकर्मा तक सीमेन्टीकरण कार्य। (पार्षद अनुसंशा) | जबलपुर | रू. 1.72 लाख (एक लाख बहत्तर हजार रूपये मात्र) | 02 माह |
| 6 | सं.क्रं.-10 | वार्ड अंतर्गत रविदास नगर क्षेत्र में अर्जुन चौधरी के मकान से गोविन्द चौधरी के निवास तक सीमेन्टीकरण कार्य। (पार्षद अनुसंशा) | जबलपुर | रू. 1.32 लाख (एक लाख बत्तीस हजार रूपये मात्र) | 02 माह |
| 7 | सं.क्रं.-10 | वार्ड अंतर्गत लाला चक्की के पास दुर्गा मंदिर के बाजू से जागेश्वर पटेरिया के मकान तक सीमेन्टीकरण एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य। (पार्षद अनुसंशा) | जबलपुर | रू. 1.76 लाख (एक लाख छिहत्तर हजार रूपये मात्र) | 02 माह |
| 8 | सं.क्रं.-10 | वार्ड में रविदास नगर क्षेत्र में राजा झारिया के घर से जमुना चौधरी तक सी.सी. सड़क निर्माण। (पार्षद अनुसंशा) | जबलपुर | रू. 1.68 लाख (एक लाख अड़सठे हजार रूपये मात्र) | 02 माह |
| 9 | सं.क्रं.-10 | लाला लाजपत राय वार्ड क्र. 70 के अंतर्गत नानक नगर के नंद नगर में सौरभ के घर से रविशंकर के घर तक एम-20 सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद अनुसंशा) | जबलपुर | रू. 1.34 लाख (एक लाख चौतीस हजार रूपये मात्र) | 02 माह |
| 10 | सं.क्रं.-10 | महर्षि सुदर्शन वार्ड अंतर्गत फक्कड़ बाबा चर्च के पास मंशा राठौर से रविशंकर चौधरी एवं लिटिल किंग्डम स्कूल के समीप से गुड्डा केवट तक एवं रक्षा नगर काली मंदिर के पीछे सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद अनुसंशा) | जबलपुर | रू. 4.39 लाख (चार लाख उन्तालीस हजार रूपये मात्र) | 03 माह |
| 11 | सं.क्रं.-10 | महर्षि सुदर्शन वार्ड अंतर्गत अमर नगर में जगदीश चौधरी के घर से मंगल चौधरी तक नाली निर्माण एवं प्रमोद त्रिपाठी के घर के पास एवं हेमराज सराठे के घर की बाजू वाली गली शिव मंदिर की ओर सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद अनुसंशा) | जबलपुर | रू. 9.88 लाख (नौ लाख अठासी हजार रूपये मात्र) | 03 माह |
| 12 | सं.क्रं.-10 | वार्ड अंतर्गत सर्रापीपल क्षेत्र में भगत किराना के बाजू से राम सबल कहार के घर तक सीमेन्टीकरण कार्य। (पार्षद अनुसंशा) | जबलपुर | रू. 0.90 लाख (नब्बे हजार रूपये मात्र) | 02 माह |

1. इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण www.mptender.gov.in में देख सकते है।
2. निविदा प्रपत्र दिनांक 04.01.2023 को प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 19.01.2023 सायं 5:30 बजे तक।

**कार्यपालन यंत्री (लोककर्म), नगर निगम, जबलपुर**

# अधिकारियों से बोले सीएम ,समय पर काम पूरा करें

# मंत्री जनता का फीडबैक लें

**भोपाल ईएमएस। मध्य प्रदेश में चुनावी साल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रियों और अधिकारियों की बैठक बुलाई। इसमें भोपाल में मौजूद मंत्री और अधिकारी बैठक में शामिल हुए। वहीं, जिला में मौजूद मंत्री और अधिकारी वर्चुअली जुड़े।**



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमें ईश्वर ने जिम्मेदारी दी है कि अपने कर्तव्य पर डटे रहे। उन्होंने सभी को अर्जेंट और जरूरी काम को समझ कर पूरे करने को कहा। उन्होंने बताया कि अर्जेंट काम जैसे कोरोना नियंत्रण करना, ग्लोबल इंवेस्टर समिट, जी-20 बैठकें, खेलो इंडिया गेम्स है। बैठक के बाद गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि 26 जनवरी को महाआयोजन करने को कहा गया है। आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश का रोड मैप सामने रख कर काम करें। हितग्राही मूलक योजनाओं पर फोकस हो। जल जीवन मिशन, आपका राशन आपके द्वार, ऐसी योजनाओं पर माइक्रो मैनेजमेंट रखें। सीएम ने अधिकारियों को पैसा एक्ट को लेकर भी निर्देश दिए हैं।

मंत्री ने बताया कि सीएम ने अधिकारियों को समय पर काम पूरा करने को कहा। साथ ही मंत्री और स्थानीय नेताओं को जनता का फीडबैक लेने के निर्देश दिए है। उन्होंने मंत्रियों से मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव से अपनी नोटशीट पर चर्चा करने को कहा। सीएम ने नई भर्तियों को लेकर भी निर्देश दिए हैं।

### नाथ ने बैठक पर साधा निशाना

वहीं, सीएम शिवराज की बैठक पर पूर्व सीएम कमलनाथ ने निशाना साधते हुए कहा कि यह बैठक रस्म अदायगी साबित हुई। उन्होंने कहा कि मुझे आशंका है कि इस बैठक का मकसद सरकार के कामकाज को दुरुस्त करना नहीं बल्कि सरकारी अधिकारियों पर सत्ताधारी पार्टी के लिए काम करने का दबाव बनाना था। नाथ ने कहा कि एक बार फिर धरातल पर कभी न उतरने वाले रोडमैप रखें गए। भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देकर जीरो टॉलरेंस का मुखौटा ओढ़ा गया।

# उमा का नया नारा- मधुशाला छोड़कर गौशाला की तरफ चलो

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा कि शराब माफिया इतना मजबूत हो चुका है कि सांसद विधायक और पुलिस प्रशासन भी उनकी जेब में पड़े रहते हैं। बयान देने के बाद उन्होंने एक के बाद एक कई ट्वीट भी किए। उन्होंने एक नारा दिया कि शराब छोड़ो, गाय का दूध पियो।ज मधुशाला से गौशाला की ओर चलोज। आपको यह नारा साल 2023 में खूब सुनाई दे सकता है। गौरतलब है कि भाजपा और भगवा का बड़ा चेहरा उमा भारती पिछले साल से ही मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर हमलावर रही हैं। कई बार सार्वजनिक मंचों से उमा भारती ने शिवराज सरकार की शराब नीति पर सवाल उठाए थे।सोमवार को उमा भारती बैतूल में थी, वहां पर उन्होंने गौशाला में गौ माता की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मैं आज से नई बात कहना शुरू कर रही हूं। शराब नहीं, देशी गाय का दूध पीयो। मधुशाला से गौशाला की ओर चलो। मधुशाला बंद करो, गौशाला खोलते जाओ। उन्होंने आगे कहा कि वह गाय, जिन्हें किसान रखने में समर्थ थे, वह खत्म हो गए। चरवाहे नहीं बचे, गाय को बांधने की जगह नहीं रही। इन तीनों की व्यवस्था करनी पड़ेगी। गाय सहारा देती है, बोझ नहीं बनती। उमा भारती ने कहा, मैं वह हूं जो चाहूं, तो शराब का नामोनिशान मिटा दूं, लेकिन मैं मान जाती हूं। गम खा जाती हूं।



उमा भारती ने कहा कि मध्यप्रदेश में जैविक खेती मध्य प्रदेश में तेजी से बढ़ी है। इसमें सरकार का योगदान रहा है, जितनी जैविक खेती के बढ़ने से गाय की रक्षा भी होगी। उमा ने कहा कि उन्हें भरोसा है मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार जल्दी ही नई शराब नीति लागू करेगी। क्योंकि पिछले साल जो नीति घोषित हुई थी, उसमें कई खामियां थीं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का बड़प्पन था कि उन्होंने इसे खुलेआम स्वीकार किया। उमा भारती ने कहा कि पिछले वर्ष की शराब नीति में संशोधन के लिए तीन लोग तय किए गए थे। वीडी शर्मा संगठन की तरफ से, शिवराज सरकार की तरफ से और मैं जनमानस की तरफ से परामर्श के लिए बैठूंगी। इसके बाद नई शराब नीति आएगी, जिसमें नियंत्रित शराब वितरण प्रणाली होगी। उसमें खामी नहीं होगी।

### इस पर जताई आपत्ति

उमा ने कहा कि वर्तमान शराब नीति में कई आपत्तियां हैं। जैसे अहातों में बैठकर पिलाना, धर्म स्थलों के पास शराब की दुकान होना, स्कूल के शराब दुकान न हो, मजदूरों की बस्ती के पास शराब की दुकान नहीं होनी चाहिए। स्कूलों, अदालतों, अस्पतालों के पास भी शराब की दुकान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं परामर्श में बैठने के लिए इंतजार कर रही हूं। जल्दी इसके लिए बैठक की जाए। उमा ने कहा कि मैं चाहती हूं कि मध्यप्रदेश शराब नीति में मॉडल बन जाए।




# मध्य प्रदेश सरकार नए साल में महिलाओं को कई तोहफे दे सकती है

**भोपाल, यशभारत।** महिला सशक्तीकरण की दिशा में लगातार काम कर रही राज्य सरकार नए साल में महिलाओं को कई तोहफे दे सकती है। जहां सरकार के अगले बजट में महिलाओं के लिए कुछ घोषणाएं हो सकती हैं, वहीं आजीविका मिशन से जुड़कर परिवार का भरण पोषण करने वाली 45 लाख से अधिक महिलाओं को अपना कारोबार आगे बढ़ाने के लिए कम ब्याज पर कर्ज दिलाने की व्यवस्था में बढ़ोतरी की जा सकती है ।सरकार बैंक लिंकेज की सीमा चार हजार करोड़ रुपये तक कर सकती है, जो अभी तीन हजार करोड़ रुपये है। यह सीमा वर्ष 2021 में बढ़ाई गई थी। प्रदेश के 52 जिलों में चार लाख स्व-सहायता समूहों से जुड़ीं ये महिलाएं महिला एवं बाल विकास के तहत चलाई जा रही पूरक पोषण आहार योजना के तहत 80 लाख से अधिक बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं के लिए पोषण आहार तैयार कर रही हैं ।मध्य प्रदेश सरकार ने महिलाओं-बालिकाओं से दुष्कर्म जैसे मामलों में फांसी का प्रविधान किया है। प्रदेश में लिंगानुपात में 29 प्रतिशत अंक की वृद्धि हुई है, तो बाल विवाह में 34.2 प्रतिशत की कमी आई है। लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत 43 लाख 78 हजार बालिकाओं को पंजीयन कर उनका जीवन सुरक्षित किया गया है। इनमें से नौ लाख 20 हजार से अधिक बालिकाओं को 232 करोड़ छह लाख रुपये की छात्रवृत्ति दी गई है।

## अंडर ग्राउंड केबल डालने का प्रति किमी एक हजार रुपये लगेगा शुल्क

भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने डाटा पहुंच सेवाओं के अंतर्गत नया प्रविधान किया है। अब शासकीय सड़क एवं भूमि आदि में अंडर ग्राउंड टेलीकाम इंफ्रास्ट्रक्चर डालने पर दूरसंचार कंपनियों से एक हजार रुपये प्रति किलोमीटर के हिसाब से शुल्क लिया जाएगा।यही नहीं, अंडर ग्राउंड केबिल डालने के बाद संबंधित दूरसंचार कंपनी को शासकीय सड़क, भूमि आदि को रीस्टोर यानि पुनः यथास्थिति में लाने के लिए आवश्यक मरम्मत, संधारण के लिए संबंधित निर्माण एजेंसी के प्रचलित शेड्यूल आफ रेट, प्राक्कलन राशि, वास्तविक व्यय राशि का भुगतान संबंधित विभाग को करेगी। इसके लिए इलेक्ट्रानिक विकास निगम राईट आफ वे पोर्टल पर आवश्यक प्राविधान किए जाएंगे।डाटा पहुंच सेवाओं के अंतर्गत यह भी नया प्रविधान किया गया है कि शासकीय, शासकीय प्राधिकरण, स्थानीय निकाय की भूमि, भवन पर दूरसंचार अवसंरचना स्थापित करने के लिए आवेदक कंपनी द्वारा आनलाइन दस हजार रुपये अनुज्ञप्ति शुल्क जमा किया जाएगा तथा 60 दिन के अंदर संबंधित विभाग से सहमति या अनापत्ति नहीं मिलती है, तो पोर्टल के माध्यम से डीम्ड अनुज्ञप्ति जारी की जाएगी। यदि निर्धारित समय में असहमति दी जाती है तो उक्त शुल्क की राशि लौटा दी जाएगी। इसी प्रकार, यह भी नया प्रविधान किया गया है कि सार्वभौमिक सेवा दायित्व के अंतर्गत शामिल गांवों में दूरसंचार अवसंरचना स्थापित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 2100 वर्गफुट तक भूमि के लिए बीएसएनएल द्वारा कोई अनुज्ञप्ति शुल्क नहीं देना होगा।

## जीजा-साले को पिकअप वाहन से कुचलने वाला दूसरा आरोपित भी गिरफ्तार

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी के अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित बायपास पर ईकोलाजिकल पार्क के गेट के सामने बाइक से पीछा कर रहे जीजा-साले को पिकअप वाहन से कुचलने वाले दूसरे आरोपित को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पंद्रह हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस की सात टीमें आरोपी की धड़पकड़ के लिए रायसेन, विदिशा, सागर, सीहोर, राजगढ़ के अलावा राजस्थान, गुजरात में भी दबिश दे चुकी थीं, लेकिन आरोपी सागर में मिला।पुलिस के अनुसार 15 दिसंबर को सुरेन्द्र वंशकार ने सूचना दी थी कि मेरे जीजा रामसिंह की बोलेरो पिकअप 14 दिसंबर की देर रात ग्राम पठारी रोड विदिशा से चोरी हो गई। सूचना मिलते ही भोपाल में रहने वाले दामाद दीपक बंशकार, बेटा राज बंसकार बायपास पर चोरी गई गाड़ी को तलाश रहे थे। उन्हें ईकोलाजिकल पार्क भोपाल बायपास रोड पर बोलेरो पिकअप नजर आई। दोनों ने बोलेरों का पीछा किया तो बोलेरो में बैठे आरोपितों ने उन्हें बेरहमी से कुचल दिया था और जंबूरी मैदान के पास वाहन को छोड़कर फरार हो गए थे। इस घटना में जीजा-साले दोनों की मौत हो गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपितों पर हत्या का मामला दर्ज किया था।

# महिलाएं ऐसा प्रस्ताव लाईं की पंचायत ने खुशी से दे दी मंजूरी

## कलेक्टर ने भी इस पहल को सराहा

**भोपाल,यशभारत।** मध्य प्रदेश में आदिवासियों ने पेसा एक्ट को शराब के खिलाफ हथियार के रूप में उपयोग करना शुरू कर दिया है। वे बकायदा ग्राम पंचायत में हो रही ग्राम सभा में प्रस्ताव लाकर शराबबंदी कर रहे हैं। दरअसल, पिछले साल राज्य में पेसा एक्ट लागू किया गया है, उसी में समाहित शक्ति का उपयोग करके ग्राम वासियों ने यह प्रस्ताव लाया है। सरकार का कहना है कि जनजातीय समाज को पेसा नियम के तहत प्रदान किए गए अपने ग्राम से संबंधित अधिकारों के बेहतर परिणाम दिख रहे हैं। शराब विरोध का ताजा मामला जनजातीय बाहुल्य डिंडौरी जिले में सामने आया है। जिले की ग्राम जल्दा मुड़िया में ग्राम सभा ने गांव में पूर्ण रूप से शराब निषेध प्रस्ताव लाया। सभी ग्रामीणों ने खुशी-खुशी इस पर सहमति दी और प्रस्ताव पारित हो गया। डिंडौरी कलेक्टर ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से च्नया वर्ष, नया संकल्प, च्पेसा नियमज्के दिख रहे असर।ज लिखा। उन्होंने आगे लिखा कि जनजातीय समाज को पेसा नियम के तहत प्रदान किए गए अपने ग्राम से संबंधित अधिकारों के बेहतर परिणाम दिख रहे हैं। डिंडौरी जिले के ग्राम जल्दा मुड़िया में ग्राम सभा ने गांव में पूर्ण रूप से शराब निषेध प्रस्ताव पारित कर अहम पहल शुरू की है।डिंडौरी जिले के ग्राम जल्दा मुड़िया में महिला सदस्यों के नेतृत्व में एक समिति बनाई गई। इसके बाद सभी सदस्यों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक ग्राम सभा की बैठक में भाग लिया। इसी के साथ एक स्वर में गांव में शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का समर्थन किया। बता दें कि पेसा अधिनियम के तहत किसी मादक पदार्थ को बेंचना और उपभोग को विनियमित करना, क्षेत्र में अवैध मदिरा के विनिर्माण या विक्रय के तहत मदिरा की दुकानों को हटवाने की शक्ति ग्राम सभा को दी गई है।

# रेलवे की सौगात, लोगों के लिए घर से पार्सल लेने-देने की सुविधा शुरू

## दो जनवरी से भोपाल रेल मंडल में शुरू हुई ज्वाइंट पार्सल प्रोडक्ट योजना, मालभाड़े से कमाई की नई संभावनाएं तलाश रहा रेलवे।

**भोपाल यशभारत। लोगों के लिए रेलवे से पार्सल भेजना अब और आसान हो गया है। रेलवे ने डाक विभाग के साथ मिलकर च्ज्वाइंट पार्सल प्रोडक्टज (जेपीपी) योजना शुरू की है। इस योजना के कारण व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं को घर से पार्सल लेने और बताए गए पते पर भेजने की सुविधा दी जा रही है।**



यह सुविधा ऐसे लोगों के लिए लागू की जा रही है, जो व्यस्तता के चलते रेलवे स्टेशन पर पार्सल देने के लिए नहीं जा सकते हैं। भोपाल रेल मंडल में दो जनवरी को शुरू हुई इस सुविधा में उद्यमिता विभाग की पुस्तकों को उनके गोदाम से एकत्रित किया गया।

भोपाल रेल मंडल के अनुसार उद्यमिता विभाग की 318 किग्रा पुस्तकें उनके गोदाम 16-ए, अरेरा हिल्स, भोपाल से सोमवार को एकत्रित की गई और उन्हें भोपाल से दमोह के लिए ट्रेन 22161 भोपाल-दमोह राज्यरानी एक्सप्रेस से भेजा गया। इन पुस्तकों की डिलीवरी पोस्टल विभाग के द्वारा पुरानी जिला पंचायत बिल्डिंग, बस स्टैंड के पास दमोह में दी जाएगी। रेलवे के अनुसार लगातार मालभाड़े से कमाई में नए कीर्तिमान बना रहा रेल प्रशासन इसमें और संभावनाओं को तलाश रहा है। इससे लोगों का कीमती समय भी बचेगा और रेलवे राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी। मोबाइल के जमाने में अपने काम के लिए संघर्ष कर रहे डाकियों को काम भी मिलेगा।

### इस तरह किया गया है काम का बंटवारा


जेपीपी योजना में डाक विभाग च्फर्स्ट तथा लास्ट माइलज का काम करेगा। फर्स्ट माइल (प्रथम मील) में डाक विभाग संबंधित जगह से पार्सल इकट्ठा करेगा। मिडिल माइल (बीच के मील) के तहत डाक विभाग रेलवे स्टेशन तक पार्सल लाएगा। यहां से रेलवे संबंधित प्रदेश या जिले तक पार्सल को पहुंचाने का काम करेगा। अंत में लास्ट माइल (अंतिम मील) में डाक विभाग रेलवे स्टेशन से व्यापारी के गोदाम या उपभोक्ता के घर तक पार्सल पहुंचाने का काम करेगा।

### भोपाल रेल मंडल ने दिसंबर में मालभाड़े से कमाए 115 करोड़ रुपये

भोपाल रेल मंडल ने दिसंबर 2022 में 0.995 मिलियन टन मालका लदान कर 115.09 करो? रुपये का शुद्ध रेल राजस्व मालभाड़े के रूप में कमाया है। इस दौरान रेल मंडल ने हर दिन औसतन 546 वैगन में मालभाड़ा भरकर गंतव्य तक रवाना किया। पिछला सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा दिसंबर 2021 में 0.924 मिलियन टन माल लदान का था। इस दौरान रेलवे को 113.77 करोड़ रुपये का का रेल राजस्व प्राप्त हुआ था। रेलवे का दावा है कि नई योजना से रेलवे को मालभाड़े से प्राप्त होने वाले राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी।

## दसवीं की छात्रा का मुंह दबाकर कमरे में घसीटा, किया दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

**भोपाल, ईएमएस।** राजधानी की बैरसिया तहसील में स्थित गुनगा इलाके में 15 साल की किशोरी के साथ रेप की घटना सामने आई है। 40 वर्षीय आरोपित किसान ने उसके साथ मारपीट कर वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर उसकी चाची पहुंची, जिसे देख आरोपित भाग निकला। बाद में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके खिलाफ दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है।गुनगा थाना प्रभारी रमेश राय ने बताया 15 वर्षीय नाबालिग लड़की थाना क्षेत्र में परिवार के साथ रहती है। वह दसवीं कक्षा की छात्रा है। रविवार दोपहर करीब चार बजे वह मंदिर जाने के लिए घर से निकली थी। रास्ते में लड़की के चाचा के घर के पास उसे कृपाल सिंह ठाकुर (40) मिला। वह किसानी का काम करता है। लड़की को अकेला देख कृपाल ने उसका मुंह दबाया और खींचकर मवेशियों के लिए बनाए गए कमरे में ले गया, जहां उसके साथ मारपीट कर रेप किया। लड़की ने शोर मचाया तो उसकी आवाज चाची ने सुन ली। आसपास के लोग आ गए। भीड़ ने दरवाजा खुलवाया। अंदर कृपाल मिला। लोगों को देखकर वह मौके से भाग निकला। इसके बाद पीड़िता चाची के साथ थाने पहुंची और आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपित कृपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



## क्षमता से कम कचरा ढोने वाले वाहन चालकों पर होगा जुर्माना

**भोपाल ईएमएस।** शहर की साफ-सफाई व्यवस्था एवं अपशिष्ट प्रबंधन को उच्चस्तरीय बनाने के लिए महापौर मालती राय निरंतर कचरा ट्रांसफर स्टेशनों की निगरानी कर रही हैं। सोमवार को उन्होंने शाहजहांनी पार्क एवं आरिफ नगर स्थित कचरा ट्रांसफर स्टेशनों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षमता से कम कचरा लाने वाले वाहन चालकों पर जुर्माने की कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।बता दें कि महापौर सोमवार सुबह निगम अधिकारियों के साथ शाहजहांनी पार्क स्थित कचरा ट्रांसफर स्टेशन पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने कचरा निष्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया तथा मटेरियल रिकवरी फेसिलिटी (एमआरएफ) में प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन की विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मेयर ने कचरा ट्रांसफर स्टेशनों की सभी व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए। क्षमता से कम लाने वाले कचरा वाहनों पर तैनात कर्मचारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद महापौर आरफि नगर कचरा ट्रांसफर स्टेशन पहुंचीं और वहां का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने डीआइजी बंगला क्षेत्र में स?क पर तार जलते हुए देखने पर अपना वाहन रुकवाया और तार जलाने वाले कबाड़ी पर पांच सौ रुपये का फाइन लगाने के एएचओ को निर्देश दिए। साथ ही सड़क पर कचरा फेंकने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ गंदगी फैलाने पर पांच सौ रुपये का जुर्माना लगाया।



## विधायक ने बर्थडे पर मैं हूं डॉन... गाने पर किया फायर, फिर सफाई में बोले- वो तो खिलौने वाली बंदूक थी

**भोपाल,ईएमएस।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के कोतमा से कांग्रेस विधायक सुनील सराफ अपने जन्मदिन के कार्यक्रम में कथित तौर पर रिवाल्वर से हर्ष फायरिंग करने के कारण मुसीबत में फंस गए हैं। उनके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वहीं विधायक अपनी सफाई में खिलौने वाली रिवाल्वर को चलाने की बात कह रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कांग्रेस विधायक सुनील सराफ मैं हूं डॉन गीत पर नाच रहे हैं। इतना ही नहीं पेंट के पीछे की जेब से एक रिवाल्वर निकालते हैं और फायर करते हैं। इस वीडियो के वायरल होने के बाद प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने अनूपपुर के एसपी को आवश्यक कार्रवाई के लिए कहा है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर कोतमा थाने में विधायक के खिलाफ मामला भी दर्ज कर लिया गया है। साथ ही पुलिस इस वीडियो की जांच भी कर रही है।मामले को लेकर कांग्रेस विधायक सुनील सराफ ने अपनी सफाई में कहा है कि उन्होंने खिलौने वाली बंदूक से फायर किया था।

## नौकरी लगवाने के नाम पर सफाई दरोगा पर 40000 रुपये वसूलने का आरोप

**भोपाल यशभारत।** नगर निगम की महिला सफाईकर्मी ने नौकरी में लगाने के लिए वार्ड क्रमांक 48 के सफाई दरोगा पर 40 हजार रुपये वसूलने के आरोप लगाए हैं। इस मामले में उसने निगम मुख्यालय में भी शिकायत की है, लेकिन अब तक दरोगा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। हालांकि बाद में आयुक्त केवीएस कोलसानी ने इस मामले में जांच कराने के बाद कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।शिकायतकर्ता संतोषी बाई ने कहा कि मैं 2016 से नगर निगम में सफाईकर्मी के पद पर काम कर रही हूं। वार्ड क्रमांक 48 के दरोगा राम दयाल ने मुझे नौकरी पर लगाया था। इसके लिए उन्होंने दो किश्तों में 40 हजार रुपये लिए हैं। शुरुआत में वो मुझे अपने हाथ से 4500 रुपये वेतन देते थे। लेकिन कुछ महीनों बाद बोले कि अब तुम्हें केवल तीन हजार रुपये ही मिलेंगे। क्योंकि मुझे भी ऊपर वाले अधिकारियों को हाजिरी बढ़ाने के लिए पैसा देना पड़ता है। इसके बाद महिला ने नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत की तो उसका नाम रजिस्टर में चढ़ा दिया गया, लेकिन वेतन हाथ से ही मिलता रहा। महिला ने इस पर आपत्ति जताई, क्योंकि अन्य कर्मचरियों की फोटो से हाजिरी लगती थी। उनकी आइडी भी बनाई गई थी। महिला ने बोला कि अन्य कर्मचारियों की तरह मेरी भी आइडी बनाई जाए। जिसके बाद दरोगा ने उसे एक आइडी दी, लेकिन उसमें हाजिरी लगाने पर सावित्री बाई का नाम आता था। महिला ने इस पर भी आपत्ति जताई तो दरोगा ने उसे हटा दिया। जब महिला ने अपने रुपये वापस मांगे तो दरोगा ने देने से मना कर दिया। इसके बाद महिला ने नगर निगम में दरोगा के खिलाफ शिकायत की।



**इनका कहना**

“महिला ने दरोगा पर जो भी आरोप लगाए हैं, उसकी जांच की जाएगी। यदि इसमें सत्यता सामने आती है, तो संबंधित दरोगा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**- केवीएस चौधरी कोलसानी, आयुक्त**

# एक महीने से अंधेरे में ग्रामीण



**पाटन, यशभारत।** ग्राम कोनी कला के ग्रामीण एक महीने से अंधेरे में रहने को मजबूर है और इसी को ले कर सोमवार को ग्रामीणों ने पाटन डिवीजन कार्यालय का घेराव किया ग्रामीणों का कहना है अधिकतर उपभोक्ताओ द्वारा बिजली बिल जमा कर दिया गया है उस के बाद भी ट्रांसफार्मर नही बदला जा रहा बच्चो की परीक्षा नजदीक है वह अंधेरे में पढ़ाई करने को मजबूर है वही गांव में पीने के पानी की भी किल्लत हो रही है अगर जल्द निराकरण नही होता तो ग्रामीण बड़ी संख्या में दफ्तर के बाहर धरना देंगे।

# सिहोरा में किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर दिया धरना

## जिला पंचायत सदस्य ने कहा मांगे पूरी नहीं हुई तो उग्र होगा आंदोलन





**जबलपुर, यशभारत।** जिला पंचायत सदस्य एकता ठाकुर के नेतृत्व में सिहोरा बस स्टेंड में किसानों ने विभिन्न मांगो को लेकर धरना दिया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य एकता ठाकुर ने कहा कि किसानों की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। किसानों ने धरना प्रदर्शन के बाद सिहोरा एस. डी. एम. को ज्ञापन दिया गया। सौपे ज्ञापन में किसानों ने कहा कि फीडिंग जल्द कराई जाए, किसानों के रकबे जो असत्यापित किये गए उसे जल्द ठीक किये जाये, किसानो के भुगतान जल्द समय सीमा पर जल्द किया जाए, किसानों को बिजली कृषि 24 घन्टे दी जाए एवं जले हुए ट्रांसफार्मर जल्द बदले जाये, किसानो को खाद्य समय पर एवं भरपूर मिले, किसानों को कृषि पंप के परमानेंट कनेक्शन दिए जाएं। इस मौके पर बहादुर पटेल, श्र जितेन्द्र श्रीवास्तव, एकता ठाकुर जिला पंचायत सदस्य, प्रदीप पटेल, राजेश चौबे, विनोद पटेल, गजेंद्र खम्परिया, गुड्डू खान, रमेश पटेल रामगोपाल पटेल, अशोक मिश्रा, विनय पटेल, सुनील पटेल, रवि पटेल, गोलू तिवारी, रजनीश तिवारी, रामकुमार ठाकुर, रवि शंकर, निरंजन पटेल, धर्मेश यादव, बिहारी राय, सचिन पटेल, जैकी दुबे सहित किसान मौजूद थे।

# किसानों ने दिया ज्ञापन भुगतान की रखी मांग



**पाटन, यशभारत।** समर्थन मूल्य पर किसानों से की जा रही धान की उपज की खरीदी में गड़बड़ी के चलते किसानों ने पाटन एस डी एम शाहिद खान को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा और मांग रखी कि किसानों की धान की तुलाई हुए एक महीना हो गया है पर अभी तक भुकतान नही किया गया साथ जो भौतिक सत्यापन सेटेलाइट के जरिये किया जा रहा है उसे भौतिक रूप से किया जाए किसानों का कहना है कि अगर जल्द समस्याओं का निराकरण नही होता तो मजबूरन उन्हें आंदोलन करना पड़ेगा ज्ञापन मेंराजवीर ठाकुर विक्रम ठाकुर नीतेश ठाकुर योगेश ठा. विकास भुरर्क धर्मचंद जैन उपस्थित रहे।

# पुलिस ने वाहन चालकों पर की चालानी कार्यवाही



**गाडरवारा, यशभारत।** नगर का यह आलम है कि जिसे जहां जगह मिलती है वह अपने वाहन वहां खड़े कर देता है जिससे लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है द्य खासकर मुख्य मार्गो पर दुकानों के सामने अव्यवस्थित तरीके से सड़कों पर वाहन खड़े कर दिए जाते हैं जो यातायात व्यवस्था को प्रभावित करते हैं नगर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए नगर निरीक्षक राजपाल बघेल के निर्देश पर एएसआई पुनीत कटारे, आरक्षक शुभम पटेल, दीपक राजपूत जीवन सेन आकाश बारोलिया तथा कमलेश ने नगर का भ्रमण करते हुए दुकानों के सामने सड़कों पर अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहनों पर परिवहन नियमों के अंतर्गत चालानी कार्यवाही की तथा लोगों को अपने वाहन नियमानुसार खड़े करने की समझाइश दी जिससे नगर का यातायात सुचारु रुप से चलता रहे।

# अखिल भारतीय बुंदेलखंडी साहित्य संस्कृति परिषद अभिनंदन नववर्ष तुम्हारा

**जबलपुर, यशभारत।** अखिल भारतीय बुंदेलखंड साहित्य संस्कृति परिषद के तत्वावधान नववर्ष के अभिनंदन में लोक संस्कृति को समर्पित बुंदेली काव्य गोष्ठी का आयोजन शहीद स्मारक प्रांगण में किया गया। गोष्ठी में कवियों ने लोक संस्कृति, प्रकृति,पर्यावरण के साथ माता पिता पर विविध रचनाएं प्रस्तुत की।वक्ताओं ने कहा लोक संस्कृति में सूर्य देव की आराधना का विशेष महत्व है । सूर्य ही जीवन की गतिशीलता का प्रतीक हैं।गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि राजेंद्र रतन ने की मुख्य अतिथि राजेंद्र मिश्रा एवं सारस्वत अतिथि दीनदयाल तिवारी, विशिष्ठ अतिथि एडव्होकेट प्रभा खरे,प्रतुल श्रीवास्तव,के.पी.पाण्डेय वृहद,आशुतोष तिवारी थे।अतिथि स्वागत विजय जायसवाल, भीमसिंह दीवान, संचालन राजेश पाठक प्रवीण एवं आभार जादूगर निगम ने व्यक्त किया।

## कुशवाहा समाज द्वारा कराए जाएंगे रचनात्मक कार्यक्रम

**जबलपुर, यशभारत।** कोरोना महामारी के कोपशमन एवं सामाजिक सदभाव जागरण हेतु घड़ी चौक स्थित कुशवाहा कार्यालय में हवन शांति विधान का आयोजन किया गया। इसमें कुशवाहा समाज के भाई-बहनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया एवं नव वर्ष पर परस्पर शुभकामनाएं व्यक्त की। दूसरे चरण में श्र प्रदीप कुशवाहा (प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा समाज) के नेतृत्व में कुशवाहा ध्वज मान एवं कुश भगवान की अर्चन-पूजन किया गया। कार्यक्रम के तीसरे चरण कुशवाहा समाज की देशव्यापी 20 करोड़ की संख्या में बसे बंधुओं से संपर्क बनाए गए सपनजन संपर्क के राष्ट्रीय कार्यक्रम के संदर्भ में मध्यप्रदेश के 52 जिलों में संपर्क हेतु एक कार्यक्रम की रचना की गई तथा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को कार्यभार सौंपा गया।

# कुशवाहा समाज द्वारा कराए जाएंगे रचनात्मक कार्यक्रम



**जबलपुर, यशभारत।** कोरोना महामारी के कोपशमन एवं सामाजिक सदभाव जागरण हेतु घड़ी चौक स्थित कुशवाहा कार्यालय में हवन शांति विधान का आयोजन किया गया। इसमें कुशवाहा समाज के भाई-बहनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया एवं नव वर्ष पर परस्पर शुभकामनाएं व्यक्त की। दूसरे चरण में श्र प्रदीप कुशवाहा (प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा समाज) के नेतृत्व में कुशवाहा ध्वज मान एवं कुश भगवान की अर्चन-पूजन किया गया। कार्यक्रम के तीसरे चरण कुशवाहा समाज की देशव्यापी 20 करोड़ की संख्या में बसे बंधुओं से संपर्क बनाए गए सपनजन संपर्क के राष्ट्रीय कार्यक्रम के संदर्भ में मध्यप्रदेश के 52 जिलों में संपर्क हेतु एक कार्यक्रम की रचना की गई तथा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को कार्यभार सौंपा गया।

# बिजली कपंनियों के मुख्यालय शक्तिभवन में नववर्ष अभिनंदन समारोह आयोजित

**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के डायरेक्टर कॉमर्शियल प्रतीश कुमार दुबे ने विद्युत अभ?यंताओं व कार्मि?यों को नव वर्ष की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी के संयुक्त प्रयास से विद्युत कंपनियों की प्रगति और उपभोक्ताओं को संतुष्ट करने के लक्ष्य हासिल किए जा सकेंगे। प्रदेश के सभी श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं को सतत् व निर्बाध बिजली आपूर्ति करने के लिए विद्युत कंपनियां दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने विद्युत कार्मिकों से कड़ी मेहनत का संकल्प लेने का आह्वान किया। श्री दुबे आज एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मानव संसाधन व प्रशासन कार्यालय के संयोजन में शक्तिभवन के ब्लॉक नंबर 14-15 के समक्ष नववर्ष अभिनंदन समारोह में विद्युत अभियंताओं व कार्मिकों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन व प्रशासन) राजीव गुप्ता और पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन आरके खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में विद्युत अभियंता व कार्मिक उपस्थित थे। प्रतीश कुमार दुबे, राजीव गुप्ता व आरके खंडेलवाल ने विद्युत कंपनियों के नव वर्ष के दीवार व टेबल कैलेण्डर का विमोचन किया।

# राजू पहलवान के निधन पर भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ ने श्रद्धांजलि अर्पित की



**जबलपुर यशभारत।** भाजपा नगर उपाध्यक्ष हर्षित सिंघई के पिता वरिष्ठ व्यवसायी राजू पहलवान के आकस्मिक निधन पर भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल, अखिलेश दीक्षित, मनीष जैन कल्लू,अमन बिंद्रा, राजेन्द्र चौधरी, सचिन गुप्ता, अनुज जैन, राहुल पाल,सचिन सोनकर, राहुल तिवारी,श्रीचंद बठेजा, मयंक मतानी , दीपांशु पाठक,विवेक शिवहरे,शुभम मिश्रा, राजेश गुप्ता, मुकेश सोनी, राजकुमार केशरवानी,आदि ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# वट्ेश्वर धाम क्रिकेट कप धाना पंचायत ने जीता



**पनागर, यशभारत।** बरेला समीप पिपरिया में क्रिकेट कप का आयोजन विगत चार सालों में सातवे सीजन का आगाज 25 दिसंबर से आयोजित किया गया था जिसमें केवल 32 टीमों को हिस्सा दिया गया था दो जिले जबलपुर,मंडला की पांच विधानसभा पनागर, सिहोरा,बरगी,पाटन,निवास,की टीमों ने हिस्सा लिया फाइनल तक पहुंचने के लिए 31 मैच फाइनल मैच खेलने वाली दो टीम घाना ओर कल्याणपुर को 4 मैच जीते क्वार्टर फाइनल में 8 टीमें पहुंची जबकि सेमीफाइनल में 4 टीमें खेरी को घाना ने पराजित कर फाइनल में एवं कल्याणपुर ने देवरी को पराजित किया और फाइनल में जगह बनाई फाइनल मैच घाना ओर कल्याणपुर के मध्य खेला गया टॉस जीतकर घाना ने पहले फील्डिंग का निर्णय लिया कल्याणपुर ने पहली निर्धारित 12 ओवर में 8 विकेट के नुक़सान पर मनोज 12 रन,अमन 25 रन ,अंकित 5 रन,रामसुजान 22 रन, दीपचंद 6 रन,की पारी की बदौलत 88 रन का लक्ष्य बनाया जो कि घाना द्वारा 10 ओवर की पांचवीं गेंद पर 5 विकेट के नुक़सान पर हैरी 17 रन ,कर्नल 9 रन ,सचिन 1 रन, विशाल 33 रन, संदीप 18 रन, की बदौलत लक्ष्य हासिल कर लिया घाना की ओर से शानदार गेंदबाजी राहुल चार विकेट लिए और हैरी ने दो विकेट सचिन और संदीप ने 1-1 विकेट लिए वहीं कल्याणपुर की ओर से आशीष ने 2 विकेट ,मनोज रामसुजान, संजय ने 1-1 विकेट लिये विजेता टीम को 31000/ और एक चमचमाती ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को 11000/ एक चमचमाती ट्रॉफी और टूर्नामेंट में सम्मिलित सभी 32 टीमों के लगभग 480 खिलाड़ीयों को मेडल देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्यातिथि पनागर विधायक सम्माननीय सुशील तिवारी,जिला अध्यक्ष रानू तिवारी, जिला पं अध्यक्ष संतोष बरकडे, बरेला नगर अध्यक्ष प्रतीक दुबे, जनपद अध्यक्ष सुरेन्द्र धुर्वे,कुडंम एवं बरेला परिक्षेत्र के अनेक पार्षद,सरपंच, सचिव, आयोजक समस्त वट्ेश्वर धाम समिति पिपरिया,सलैया,पड़वार, जिला अध्यक्ष रानू तिवारी, विवेक तिवारी, राकेश सोनी,शिवराम साहू,मणिराम साहू,अजय, मुकेश, शिवराम राहुल साहू, संजय, हर्ष,विनीत ,विपिन,मुन्ना, पंजी, एवं समस्त ग्रामवासी।

# सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी के 500 मेगावाट क्षमता के विद्युत गृह क्रमांक 4 ने बनाया बिजली उत्पादन का नया रिकार्ड

**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी के विद्युत गृह क्रमांक 4 की 250-250 क्षमता की दो इकाईयों द्वारा माह दिसंबर 22 में 370.9 मिलियन यूनिट का रिकार्ड उत्पादन किया गया, जो विद्युत गृह क्रमांक चार की स्थापना के समय से किसी भी माह का अब तक का सर्वाधिक मासिक उत्पादन है। विद्युत गृह की इकाई क्रमांक 10 से 18 अगस्त 2013 और इकाई क्रमांक 11 से 16 मार्च 2014 को वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ हुआ था। उल्लेखनीय है कि विद्युत गृह क्रमांक 4 द्वारा इस वर्ष माह दिसंबर तक का उत्पादन, प्लांट अवलेबिलिटी फैक्टर (पीएएफ) व प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) अभी तक का सर्वाधिक है वहीं विद्युत गृह की आक्जलरी खपत और विशिष्ट तेल खपत अभी तक की न्यूनतम दर्ज हुई है। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह क्रमांक 4 की इन इकाईयों का वर्ष 2022-23 मे माह दिसंबर 22 तक कुल विद्युत उत्पादन 2903.7 मिलियन यूनिट, पीएएफ 92 फीसदी एवं पीएलएफ 88 प्रतिशत रहा, जो इन इकाईयों की स्थपना वर्ष से अभी तक का (किसी भी वित्तीय वर्ष मे दिसंबर माह तक) का सर्वाधिक है। विद्युत गृह की आक्जलरी खपत (सहायक संयंत्र खपत) 8.2त्न व विशिष्ट तेल खपत 0.20 मिली लीटर प्रति इकाई रही जो अभी तक की न्यूनतम है।



# इमलई ग्राम के अंकित पटेल को गणित संकाय में मिली 6 गोल्ड मेडल

**पनागर, यशभारत।** ग्राम पंचायत इमलई के युवक अंकित पटेल ने डीएन जैन महाविद्यालय जबलपुर में अध्ययन करते हुए गणित संकाय में 6 गोल्ड मेडल प्राप्त किए आप संजय कुमार पटेल श्रीमती शशी पटेल के पुत्र एवं अटल पटेल के भतीजे हैं आपको रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में प्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव के साथ विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया आप शुरू से ही मेघावी छात्र रहे हैं पूरे क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है

# जबलपुर ने इंदौर को 7 विकेट से हराया



## सिवनी बनापुरा जबलपुर के बीच मुकाबला आज

**गाडरवारा( यश भारत )।** स्थानीय रुद्र मैदान पर खेल संरक्षक युवा मंडल एवं लाइंस क्रिकेट क्लब के संयुक्त तत्वाधान में चल रही अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को डब्ल्यू सी आर जबलपुर एवं इंदौर के बीच मैच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर इंदौर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर के मैच में 78 रन पर ही ऑल आउट हो गई । जवाबी पारी खेलते हुए डब्ल्यू सी आर जबलपुर में 7 विकेट से मैच जीत लिया । इंदौर से बैटिंग करते हुए अली ने 6 बॉल में 5 रन, दीपांशु राजपूत ने 7 बॉल में 1 रन, अंकित 2 वाल 1 रन, महेश 33 बॉल 16 रन, रजत 17 बॉल 11 रन, शुभम जोशी 10 बॉल 12 रन, मोहित 3 वाल 1 रन, जतिन शर्मा 5 बॉल 1 रन, कार्तिक 13 बॉल 3 रन, संस्कार 7 बॉल 5 रन ही बनाए । इंदौर से बॉलिंग करते हुए संस्कार 1 ओवर 15 रन ,शुभम जोशी 4 ओवर 26 रन ,अंकित 1 ओवर 9 रन, रजत 4 ओवर 14 रन 2 विकेट, जतिन शर्मा 1 ओवर 8 रन 1 विकेट लिया ।लक्ष्य का पीछा करते हुए जबलपुर के बल्लेबाज भूपेंद्र ने 24 बॉल 32 रन 1 चौका 1 छक्के की सहायता से, अरबाज 10 बॉल 5 रन 1 चौका, जीतू 21 वॉल 13 रन 3 चौकों की सहायता से बनाए द्य जबलपुर से बॉलिंग करते हुए योगेश 3 ओवर 6 रन 2 विकेट, भूपेंद्र 3 ओवर 15 रन 1 विकेट, शिवांश 3 ओवर 5 रन 1 विकेट, जीतू दो बार 14 रन एक विकेट अरबाज 3 ओवर 21 रन 1 विकेट आशिक 2 ओवर 3 रन 1 विकेट लिया द्य इंदौर की टीम कम रनों पर ही सिमट गई और जबलपुर में शानदार जीत हासिल की द्य मैच के शुभारंभ पर खुर्सीपार सरपंच मनोज दुबे ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से रूबरू होकर उनका उत्साह बढ़ाते हुए चैंपियन ट्रॉफी की प्रशंसा की । मैच के समापन पर मैन ऑफ द मैच पुरस्कार वितरण समारोह के अतिथि सराफा व्यापारी समाजसेवी संतोष सोनी, पार्षद राहुल राय, शरद सोनी, शशिकांत गुर्जर ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि खेल में हार जीत होती रहती है दोनों टीमों ने खेल का अच्छा प्रदर्शन किया द्य भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता चैंपियन ट्रॉफी के आयोजक बधाई के पात्र हैं उनके द्वारा सफल आयोजन किया जा रहा है द्य मैच के एंपायर शैलेंद्र शर्मा, इसाक खान कॉमेंट्री आर्यन शर्मा अभिषेक ठाकुर स्कोरिंग चंदू कोरी, शुभी श्रीवास्तव द्वारा की गई । आज सुबह 10 बजे से डब्ल्यू सी आर जबलपुर सिवनी बनापुरा के बीच मैच खेला जाएगा ।

# शहीद नगरी चीचली में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी : बबलू सिंघानिया

**गाडरवारा(यश भारत)।** नगर परिषद चीचली द्वारा स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है नागरिकों की मांग पर ध्यान देते हुए नगर परिषद अध्यक्ष बबलू सिंघानिया एवं विनय ताम्रकार के नेतृत्व सीतारेवा नदी में नाले का गंदा पानी न मिले इसी उद्देश को लेकर मुक्तिधाम घाट में नदी से मिल रहे नाले के लिए एक गहरा शोकफिट गड्ढा बना कर नदी मे मिलने वाले गंदा नाले को रोका गया। जनहित में काफी लंबे समय से उक्त मांग की जा रही थी द्य सीतारेवा नदी में प्रतिवर्ष मेला लगता है मेला समिति ने भी उक्त मांग रखी थी द्य नगर परिषद द्वारा एक गहरा शोकफिट गड्ढा कर इस समस्या का समाधान किया गया द्य नगर परिषद अध्यक्ष बबलू सिंघानिया ने कहा कि नगर परिषद मे विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे शहीद नगरी चीचली को सुंदर बनाने के लिए पूरी परिषद समन्वय के साथ काम कर रही है नागरिको की मूलभूत सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए नगर परिषद शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नागरिकों को दिला रही है शहीद नगरी चीचली का चहुमुखी विकास हमारा मकसद है विकास कार्यो को प्राथमिकता से कराया जाएगा , शहीद नगरी चीचली में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी ।



# कड़कड़ाती ठंड में गरीबों का सहारा बने युवा



## गर्म वस्त्र वितरण कर मनाया नव वर्ष

जबलपुर , यशभारत। जब पूरा शहर इस कड़कड़ाती ठंड में वर्ष 2022 को अलविदा एवं 2023 के स्वागत का जश्न मनाने में व्यस्त था तब शहर के युवा गरीबों का सहारा बने। उन्होंने सड़क किनारे खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने वाले गरीब परिवारों के बीच पहुंचकर उन्हें गर्म वस्त्र शॉल,कंबल,कपड़े,खाना आदि वितरित कर नव वर्ष मनाया। शेख सलमान खान एवं राज ठाकुर ने बताया कि हम लोगों द्वारा हर वर्ष ऐसे गरीब परिवार जिनका घर नहीं है और सड़क किनारे खुले आसमान के नीचे सोते हे ऐसे परिवारों को गर्म वस्त्र वितरण कर नव वर्ष मनाया जाता है इस वर्ष भी हम लोगों ने लगभग सौ गरीब परिवारों को गर्म वस्त्र वितरण कर उन्हें नव वर्ष की खुशियां दी। उन्होंने कहा कि इस नव वर्ष पर सभी को संकल्प लेना चाहिए कि ऐसे लोग जिनका कोई नहीं है उनके बीच में पहुंचकर खुशी मनाएं। इस अवसर पर एनएसयूआई के शफी खान, विनोद सिंह ठाकुर, रसूल खान,शेख सलमान खान, राज ठाकुर,शेख साहिद, विशाल ठाकुर, शेख शुभानी, शेख ख्वाजा, गोपाल रैकवार, बी.टी राव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# अन्तर्राष्ट्रीय लघु धान्य (मिलेट्स) वर्ष 2023 का आयोजन

**जबलपुर, यशभारत।** लघु धान्य क्षेत्र ग्राम- ददरगांव, विकासखण्ड कुण्डम में जिला स्तरीय, अन्तर्राष्ट्रीय लघु धान्य वर्ष 2023, जिले के कलेक्टर माननीय सौरभ सुमन के निर्देशन एवं श्री एस. के. निगम उपसंचालक कृषि के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय के.एस. निगम संयुक्त संचालक कृषि जबलपुर द्वारा किसानों को बताया गया भारत सरकार, म.प्र. शासन कृषि मंत्रालय मंत्री माननीय कमल पटेल द्वारा सम्पूर्ण विश्व के साथ ही सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में पूरे वर्ष भर लघु धान्य वर्ष मनाया जायेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को लघुधान्य (मिलेट्स) के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूप करना है। ताकि हर देश इलाके में लोग अपने आहार में शामिल कर सकें साथ ही मिलेट्स उत्पादक किसानों को अच्छा बाजार और मूल्य मिल सके। श्री निगम ने बताया 50 वर्ष पहले भारत में लघु धान्य बाजरा, ज्वार, रागी, कोदो, कुटकी आदि प्रमुख अनाज माने जाते थे, समय के साथ पश्चिमी देशों से प्रभावित होकर इनका महत्व खोते जा रहा है। खासतौर पर इसे केवल ग्रामीणों का आहार समझने लगे। आज हम रसायनयुक्त भोजन खा रहे हैं, जिससे मानव के साथ ही जीव जन्तु पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है। हम सबको रसायनयुक्त आहार से बचना होगा, कोदो-कुटकी, सांवा, ज्वार, बाजरा को भोजन में शामिल करना पड़ेगा।

उप परियोजना संचालक उमेश कटहरे ने अपने संबोधन में बताया कि हर एक मिलेट्स का अपना महत्व है, बाजरा केल्शियम से भरा होता है, ज्वार में पोटेशियम और फास्फोरस प्रचूर मात्रा में होता है। कंगनी में फाइबर, कोदो आयरन से भरपूर होता है, इसलिए हम सबको मिलेट्स खाना चाहिए। इसके साथ ही इसमें प्रोटीन, फाइबर, विटामिन बी, मैगनीज, मैग्नीशियम, जिंक, पोटेशियम, कापर एवं सेलेनियम सहित बहुत से पोषक तत्व प्रचूर मात्रा में पाये जाते हैं। इसलिए मिलेट्स को च्सुपरफूडज्ज और च्स्मार्टफूडज्ज भी कहते हैं। भोजन में नियमित उपयोग करने से कैन्सर, दिल का दौरा, मधुमेह, अस्थमा इत्यादि की रोकथाम की जा सकती है।

# रोटरी क्लब 1 दिवसीय सेमिनार संपन्न



**गाडरवारा, यशभारत** ।रोटरी क्लब गाडरवारा ने एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन होटल सुरभि में किया !जिसमें नगर के व्यापारी बंधुओ के बच्चे, चार्टेड अकॉउंट, डॉक्टर, स्टेट बैंक, यूनियन बैंक के एम्प्लाइज,पत्रकार बंधु, नगर के गणमान्य लोग, रोटरी क्लब के मेम्बरों के बच्चे, कालेज के प्रोफेसर, कालेज के बच्चों ने भाग लिया! कार्यशाला का बिषय था कैसे आप अपनी वित्तीय भविष्य का प्रबंधन कर सकते है इस विषय को देश के सुप्रसिद्ध मैनेजमेंट गुरु इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट अहमदाबाद के पूर्व डीन प्रोफेसर डॉ बी.एच. जाजू जी ने बहुत ही शानदार और शिक्षाप्रद रूप में बच्चों को गुरुमंत्र बताएं प्रोग्राम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन से हुई! उसके पश्चात रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटे.अशोक राजपूत ने अतिथियों का स्वागत करते हुए,रोटरी क्लब के संबंध में प्रकाश डाला, मुख्यातिथि डॉ. प्रोफेसर बी एच जाजू ने डॉ. यागेश तिवारी को पिन लगाकर रोटरी क्लब की सदस्यता दिलाई,डॉ. प्रोफेसर रोटे. रामकुमार चौकसे में मुख्य अतिथि का परिचय दिया ! सभी आगुन्तको का आभार रोटे.मनीष जायसवाल ने किया! रोटे.डॉ. उमाशंकर दुबे ने मुख्य अतिथि बिशेषताओ पर प्रकाश डाला, मंच संचालन रोटे.प्रियंक सोनी ने किया ! अंत मे क्लब के मेम्बरों ने शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह देकर अतिथि का सम्मान किया। रोटरी क्लब के सभी मेम्बरों की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही।

# राहुल द्रविड़ के बाद वीवीएस लक्ष्मण होंगे टीम इंडिया के कोच?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) राहुल द्रविड़ का अनुबंध समाप्त होने के बाद वीवीएस लक्ष्मण भारतीय टीम के अगले मुख्य कोच होंगे, जो वर्तमान में 2023 वनडे विश्व कप तक चलेगा। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह विश्वसनीय रूप से पता चला है कि द्रविड़ को पुरुषों की टीम के मुख्य कोच के रूप में विस्तार पर विचार नहीं करना चाहिए, तो वर्तमान में बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में क्रिकेट के प्रमुख लक्ष्मण को अगला मुख्य कोच बनाया जा सकता है। द्रविड़ की अनुपस्थिति में 48 वर्षीय लक्ष्मण को भारतीय टीम के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त किया गया है। वह जून 2022 में आयरलैंड के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला के साथ-साथ इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 और जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम के साथ थे। वह संयुक्त अरब अमीरात में टी20 एशिया कप के 2022 सीजन के लिए भी भारतीय टीम के साथ थे, जब द्रविड़ कोरोना संक्रमित थे। इसके तुरंत बाद अपने वाइट-बॉल दौरे के लिए टीम के मुख्य कोच के रूप में न्यूजीलैंड की यात्रा भी की थी। टी20 वर्ल्ड कप नवंबर 2022 में खत्म हुआ था। एनसीए में खिला?ियों की अगली पीढ़ी को तैयार करने के अलावा, लक्ष्मण ने अपने सफल 2022 विश्व कप के लिए भी भारत अंडर-19 टीम के साथ यात्रा की थी और वेस्टइंडीज में अपने अभियान के दौरान युवा टीम के साथ बहुत सक्रिय भूमिका निभाई थी। टीम में विभाजित कोचिंग की संभावना के बारे में पूछे जाने पर बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अभी के लिए स्प्लिट कोचिंग नहीं होगी। क्या भारतीय क्रिकेट में पहले ऐसा हुआ है? जब से उन्होंने नवंबर 2021 में रवि शास्त्री से मुख्य कोच के रूप में पदभार संभाला है, द्रवि? ने भारतीय टीम के साथ काम किया है। वे टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से हार गए और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट और वनडे श्रृंखला हारने के अलावा 2022 टी20 एशिया कप के फाइनल में नहीं पहुंचे और पांचवें टेस्ट बर्मिंघम में इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा था।

# रोहित के स्पेशल 20, जिन्हें वनडे वर्ल्डकप के लिए BCCI ने चुना?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2023 वनडे विश्व कप अक्टूबर में शुरू होगा। भारत की मेजबानी में होने वाले इस विश्व कप के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम के लिए 20 खिलाड़ियों की एक शॉर्टलिस्ट तैयार की है। इन्हीं 20 में से टीम इंडिया का सिलेक्शन होगा और इन प्लेयर्स पर 360 डिग्री बोर्ड नजर रखेगा। उनकी फिटनेस से लेकर वर्कलोड मैनेजमेंट तक पर ध्यान दिया जाएगा। हालांकि बोर्ड ने उन खिलाड़ियों के नामों का खुलासा नहीं किया है, लेकिन यहां हम बता रहे हैं कि वो कौन-से 20 खिलाड़ी हो सकते हैं, जो लिस्ट में होंगे...

**रोहित शर्मा (कप्तान)** – रोहित भले ही पिछले साल अपने करियर के सबसे खराब फॉर्म में रहे, लेकिन वह कप्तान हैं। यह स्पष्ट कर दिया गया है कि उनकी स्थिति को कोई खतरा नहीं है। किसी अन्य खिलाड़ी को उनके आगे पारी की शुरुआत करते देखना मुश्किल है।

**ईशान किशन** – बांग्लादेश के खिलाफ झारखंड के विकेटकीपर–बल्लेबाज के रिकॉर्ड दोहरे शतक ने उन्हें रोहित के साथ पारी की शुरुआत करने वाले अन्य सभी खिलाड़ियों से आगे कर दिया।

**विराट कोहली** –पूर्व कप्तान ने अपने शानदार करियर में वनडे में सबसे अधिक सफलता पाई है। वह टी–20 वर्ल्ड कप में शानदार लय में दिखे और पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई मैच विनिंग पारी ने उनके करियर को नया आयाम दे दिया है।

**शुभमन गिल/शिखर धवन** –गिल को सलामी बल्लेबाजों के स्थान के लिए दौड़ में दूसरे स्थान पर देखा गया जा रहा था, लेकिन रिकॉर्ड पारी से फिलहाल किशन आगे हैं। हां, अगर अतिरिक्त ओपनर की बात होगी तो गिल और शिखर धवन का नाम जरूर लिस्ट में होगा।

**श्रेयस अय्यर** –अय्यर 2022 में भारत के सर्वश्रेष्ठ वनडे बल्लेबाज रहे हैं। वह इस प्रारूप में भारत के सर्वोच्च रन स्कोरर थे। फिलहाल उनकी स्थिति काफी मजबूत है। इसकी पूरी संभावना है कि प्लेइंग इलेवन में उन्हें रखा जाए।

**सूर्यकुमार यादव** –पिछले साल अ20द्ध में असाधारण प्रदर्शन के कारण कई अच्छे खिलाड़ियों की उपलब्धता के बावजूद सूर्यकुमार यादव को टीम में रखा जाएगा। दबाव में प्रदर्शन करने के मामले में उनका कोई जोड़ नहीं है।



**ऋषभ पंत पर अभी संशय–** पंत निस्संदेह सभी प्रारूपों में भारत के प्रमुख खिलाड़ियों में से एक हैं। पिछले सप्ताह एक कार दुर्घटना में पंत को चोटें लगी हैं। वह मुख्य प्लेयर्स में शामिल हैं। काफी कुछ उनकी रिकवरी पर निर्भर करेगा। पंत के लिए 2022 में वनडे में काफी अच्छा साल रहा, उन्होंने 10 पारियों में 37.33 की औसत से रन बनाए। हालांकि, उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तब आया जब उन्होंने शीर्ष क्रम में खेला, जहां फिलहाल जगह बनाना काफी मुशिकल वाला है।

**केएल राहुल** – केएल राहुल ने हार्दिक पंड्या से अपनी उप–कप्तानी खो दी है। इसका मतलब है कि पिछले साल चोट से वापसी के बाद से उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। काफी मौके मिले हैं, लेकिन अगर वह फॉर्म में वापसी नहीं कर पाते हैं तो संभावना है कि वह अपनी जगह खो देंगे।

**हार्दिक पंड्या** –पिछले साल पंड्या के असाधारण वापसी ने उन्हें सीमित ओवरों के क्रिकेट में सबसे बड़ा मैच विनर बना दिया है। द्धक्क चैंपियन बनने के बाद से पंड्या को टीम इंडिया का भावी कप्तान भी माना जाने लगा है।

**रविंद्र जडेजा** –चोटों के कारण जडेजा पिछले साल एशिया कप और पूरे टी20 विश्व कप में टीम से बाहर रहे और भारत को इस ऑलराउंडर की कमी खली। उन्हें उम्मीद होगी कि जब भी वह वापसी करेंगे और 2023 विश्व कप से ठीक पहले चोटिल होने से बचेंगे।

**संजू सैमसन** –सैमसन को पिछले साल जब भी खेलने का मौका मिला तो उन्होंने 50 ओवर के क्रिकेट में फिनिशर के रूप में अपना जलवा दिखाया। वह भी प्लेइंग इलेवन में अपनी जगह बनाने की पूरी कोशिश करेंगे।

**वाशिंगटन सुंदर** –स्पिन–गेंदबाजी ऑलराउंडर ने बार–बार दिखाया है कि वह ऐसे खिलाड़ी हैं, जिस पर भरोसा किया जाना चाहिए। हालांकि, चोटों ने पिछले साल उन्हें काफी परेशान किया। वह इस साल चोट से बचने की कोशिश करेंगे।

**जसप्रीत बुमराह** – बुमराह चोट के कारण टी20 विश्व कप से बाहर रहे। उनका टीम में रहना काफी कुछ निर्भर करता है कि वह कितना फिट हैं। टॉप–20 की लिस्ट में तो उनका रहना 100प्रतिशत पक्का है। उनका प्रदर्शन टीम इंडिया के लिए काफी मायने रखता है।

**युजवेंद्र चहल** –भारत में होने वाले टूर्नामेंट केलिए युजवेंद्र चहल मायने रखते हैं। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में टी 20 विश्व कप के दौरान जिस तरह से चहल बेंच पर बैठे रहे वह हैरान करने वाला रहा। हालांकि, अब ऐसा शायद ही हो।

**कुलदीप यादव** –कुलदीप ने हमेशा खुद को साबित किया है। टेस्ट में जब उनकी वापसी हुई तब भी उन्होंने टीम इंडिया के लिए मैच विनिंग परफॉर्मेंस की। हालांकि, प्लेयर ऑफ द मैच होने बावजूद उन्हें बाहर कर दिया गया था, जिसे अन्याय के तौर पर देखा गया।

**मोहम्मद शमी** – मो.शमी टी20 विश्व कप में भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में शामिल थे और टीम 2023 विश्व कप के लिए इस सीनियर तेज गेंदबाज को ध्यान में रखेगी।

**मोहम्मद सिराज** –मोहम्मद सिराज को लेकर कहा जा रहा है कि वह टीम इंडिया के अगले जसप्रीत बुमराह हो सकते हैं। सिराज में न केवल स्पीड है, बल्कि वह दबाव में बेहतर प्रदर्शन करते आए हैं।

**अर्शदीप सिंह** :टी20 विश्व कप में भारत के लिए अर्शदीप ने प्रभावी प्रदर्शन किया था। कहा जा रहा है कि अगर वह जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी में मोर्चा संभालेंगे तो जोड़ी देखने लायक होगी। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अपने प्रदर्शन से सभी का दिल लूट लिया है।

**भुवनेश्वर कुमार**–भुवनेश्वर में वह स्पीड तो नहीं है, लेकिन अगर उन्हें पिच से मदद मिलती है तो वह सबसे खतरनाक होते हैं। उनकी लहराती गेंदों का आज भी किसी के पास जवाब नहीं है।

**उमरान मलिक** –भारत उम्मीद कर रहा है कि यह तूफानी गेंदबाज विश्व कप से पहले मेच्योर हो जाए। उनके पास गति है और अगर वैरिएशन लेकर आते हैं तो वह सबसे खतरनाक भारतीय गेंदबाज बन सकते हैं।

# आलिया भट्ट ने बताया 3 महीने तक क्यों छुपाई थी प्रेग्नेंसी, उन मुश्किल दिनो में कैसे करती थीं काम

**मुंबई, ईएमएस।** आलिया भट्ट ने रणबीर कपूर से अप्रैल 2022 में शादी की थी और नवंबर में उन्होंने बेटी राहा को जन्म दिया। आलिया की गुड न्यूज ने हर किसी को चौंका दिया था। आलिया ने हाल ही एक इंटरव्यू दिया, जिसमें उन्होंने बताया है कि क्यों 12 हफ्तों तक यानी तीन महीनों तक उन्होंने सभी से अपनी प्रेग्नेंसी क्यों छुपाकर रखी थी। साथ ही उन्होंने यह भी शेयर किया कि पहली प्रेग्नेंसी में उन्हें किन–किन दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आलिया ने प्रेग्नेंसी के दौरान भी खूब काम किया। उन्होंने इस फेज़ में न सिर्फ एक्शन फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन की शूटिंग की बल्कि अपनी अन्य फिल्मों को भी प्रमोट करती नजर आईं। Alia Bhatt ¥õÚU Ranbir Kapoor ने 14 अप्रैल 2022 में शादी करने के बाद जून 2022 में फैंस के साथ गुड न्यूज शेयर की थी। तब एक्ट्रेस ने अपने सोनोग्राफी की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की थी। आलिया ने हमारे सहयोगी बॉम्बे टाइम्स से बातचीत में बताया कि उन्होंने 12 हफ्तों तक अपनी प्रेग्नेंसी इसलिए छुपाकर रखी थी क्योंकि उनसे ऐसा ही करने के लिए कहा गया था। लेकिन आलिया की मानें तो वह अपने वर्क कमिटमेंट्स और प्रोजेक्ट्स के कारण मजबूर थीं। इसलिए उन्हें खुद का ख्याल रखने के साथ–साथ काम भी करना पड़ा ताकि जो भी प्रोजेक्ट्स उन्होंने हाथ में लिए थे, वो पूरे हो जाएं।



## आलिया ने बताया प्रेग्नेंसी में कैसे करती थीं काम

इस वजह से आलिया को बेबी बंप के साथ ही दिन-रात एक करके काम करना पड़ा। उन दिनों को याद करते हुए आलिया ने बताया, मैं तब तक खुद को किसी स्थिति में बांधे रखने में विश्वास नहीं रखती जबतक कि बॉडी की वजह से कोई मजबूरी न हो। हां मैं प्रेगनेंट थी तो इस वजह से काफी तक बंदिशें थीं क्योंकि प्रेग्नेंसी ऐसा फेज है, जिसमें आप कुछ भी अनुमान नहीं लगा सकते। मैंने फैसला किया कि जब जो भी जैसा भी होगा, उसका सामना किया जाएगा। मेरा बेबी और मेरी हेल्थ मेरी प्राथमिकता थे। शुरुआत से ही मैंने खुद को यह बात समझा दी थी कि अगर मैं सहज महसूस करूंगी तभी खुद को और काम करने के लिए पुश करूंगी।

## 12 हफ्तों तक इसलिए छुपाई प्रेग्नेंसी

आलिया ने आगे कहा, खुशकिस्मती से मेरी प्रेग्नेंसी की वजह से काम में कोई रुकावट नहीं आई। लेकिन हां, शुरुआत के कुछ हफ्ते मुश्किल भरे थे क्योंकि मुझे बहुत थकान होती थी और हमेशा उल्टियां आती थीं। लेकिन तब मैंने इस बारे में किसी से बात नहीं क्योंकि पहले 12 हफ्ते आपको किसी को कुछ नहीं बताना चाहिए। हर कोई यही कहता है। इसलिए मैंने इस बात (प्रेग्नेंसी) को खुद तक सीमित रखा। लेकिन हां, मैं अपनी बॉडी की जरूर सुन रही थी।

## तबीयत होती थी खराब, वैनिटी में सो जाती थीं आलिया

आलिया ने फिर उन मुश्किल भरे दिनों में कैसे मैनेज किया? कैसे उन दिक्कतों का सामना कर रही थीं? इसके जवाब में आलिया ने आगे बताया, अगर शॉट के दौरान मुझे लेटने की जरूरत महसूस होती थी तो मैं जाकर अपनी वैनिटी वैन में सो जाती थी। मैं कोशिश करती थी कि जितना आराम कर सकूं, उतना करूं। लेकिन आपको अपने वर्क कमिटमेंट भी पूरे करने हैं। हार्ट ऑफ स्टोन मेरी पहली हॉलीवुड फिल्म है, जिसे मैंने जनवरी (2022) में साइन किया था। मैंने उस शेड्यूल को पूरा करने की कोशिश की थी, इसलिए मैं पीछे नहीं हटी। मैंने टीम से बात की और उन्होंने मुझे आश्वासन दिया कि वो मेरा बहुत अच्छे से ख्याल रखेंगे। और यह कमाल का रहा। मैं प्रेग्नेंसी में अपनी पहली एक्शन फिल्म की शूटिंग पूरी करने में कामयाब रही। यह एक ऐसी कहानी है, जिसमें आने वाले सालों तक बताऊंगी क्योंकि इससे आपको यह अहसास होता है कि आपकी बॉडी कितनी काबिलियत रखी है। अब मेरे अंदर मेरी बॉडी के लिए बहुत सम्मान है।

# कार्तिक आर्यन और सारा अली खान ने एकसाथ मनाया न्यू ईयर? एक गलती और ऐसे खुल गई पोल



**नई दिल्ली, ईएमएस।** इस बार नए साल का जश्न बॉलीवुड के लिए तो बेहद खास रहा है। जहां कई सेलेब्स ने दुबई से लेकर थाइलैंड तक में न्यू ईयर सेलिब्रेट किया तो वहीं कुछ कपल्स गुपचुप पार्टी करते नजर आए। लेकिन सोशल मीडिया ने इन कपल्स की पोल खोल दी। ऐसा ही एक कपल या यूं कहें कि एक्स-कपल जो साथ में नया साल मनाता नजर आया, वह हैं कार्तिक आर्यन और सारा अली खान। क्यों चौंक गए ना? आप कहेंगे कि सारा और कार्तिक का तो ब्रेकअप हो गया है। वो दोनों साथ में भी नहीं हैं तो फिर ऐसा कैसे हो सकता है कि दोनों एक साथ न्यू ईयर सेलिब्रेट करें? तो जनाब ऐसा हुआ है, इसकी पोल खुद कार्तिक और सारा के सोशल मीडिया पोस्ट व तस्वीरों से खुली है। दरअसल Kartik Aaryan और Sara Ali Khan ने रविवार रात यानी 1 जनवरी की रात एक ही लोकेशन से अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीरें शेयर कीं। दोनों लंदन में हैं और उन्होंने न सिर्फ एक ही होटल में डिनर किया, बल्कि एक ही टाइम पर तस्वीरें भी शेयर कीं। सारा ने क्रिसमस ट्री के आगे पोज देते हुए तस्वीर शेयर की और लोकेशन में Claridge's नाम लिखा। जिस टाइम पर सारा ने तस्वीर शेयर की, ठीक उसी टाइम पर कार्तिक आर्यन ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीर शेयर की। इस पर कैप्शन लिखा था- मेरे लिए सिर्फ ब्लैक टी।

## सारा ने कन्फर्म किया था कार्तिक से अफेयर

सारा अली खान और कार्तिक आर्यन जब लव आजकल 2 में साथ काम कर रहे थे, तभी उनकी डेटिंग की खबरें आने लगी थीं। हालांकि सारा और कार्तिक ने कभी भी अपने रिलेशनशिप पर कुछ नहीं कहा था। लेकिन कॉफी विद करण 7 में जब सारा आईं तो उन्होंने कार्तिक के साथ अफेयर होने की बात कन्फर्म की थी। करण जौहर ने जब सारा से कहा था कि पिछली बार जब आप आई थीं तो आपने ऐलान किया था कि आप कार्तिक आर्यन को डेट करना चाहती हैं और यह हुआ भी। इसके जवाब में सारा अली खान ने हामी भरी थी।

## अमृता सिंह की वजह से हुआ था कार्तिक–सारा का ब्रेकअप?

हालांकि सारा और कार्तिक का ब्रेकअप किसलिए हुआ, यह पता नहीं चल पाया था। लेकिन ऐसी रिपोर्ट्स थीं कि सारा और कार्तिक का ब्रेकअप एक्ट्रेस की मां अमृता सिंह की वजह से हुआ। अमृता नहीं चाहती थीं कि करियर की शुरुआत में उनकी बेटी इस तरह के चक्कर में पड़ें। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमृता का कहना था कि सारा ने अभी-अभी करियर शुरू किया है और उन्हें प्यार-मोहब्बत के मसलों में नहीं पड़ना चाहिए। इसके बाद से सारा और कार्तिक ने एक-दूसरे से दूरी बना ली थी। पर अब जो न्यू ईयर पोस्ट है, उसे देखकर ऐसा लग रहा है जैसे कार्तिक और सारा एक बार फिर साथ हो गए हैं।

# नए साल पर कपूर सिस्टर्स का धमाल, शरारती तैमूर को देख लोग बोले- ये प्रिंस हैरी की याद दिलाता है

**मुंबई, ईएमएस।** बॉलीवुड सेलेब्स नए साल पर जश्न के माहौल में डूबे नजर आए। करीना से लेकर आलिया तक, सभी ने अपने खास तरीके से नए साल का आगाज किया है। कोई न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए दुबई गया तो किसी ने स्विट्जरलैंड में पार्टी की। बॉलीवुड की बेबो यानी करीना कपूर खान अपने परिवार के साथ स्विट्जरलैंड के गस्ताद में एंजॉय करती नजर आईं। करीना ने इस सेलिब्रेशन की ढेर सारी तस्वीरें भी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। इनमें से एक फोटो में तैमूर की मस्ती ने फैंस का दिल चुरा लिया। वहीं करीना की बड़ी बहन करिश्मा ने न्यू ईयर पर मी-टाइम एंजॉय किया। करीना कपूर खान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर गस्ताद की कई तस्वीरें शेयर की हैं, जिनपर फैंस भी जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस हद से ज्यादा खूबसूरत नजर आ रही हैं। करीना ने नए साल की पार्टी के लिए ग्रीन कलर का गाउन पहना, वहीं उनके पति सैफ





अली खान और दोनों बेटे, तैमूर और जेह क्लासी ऑल ब्लैक लुक में नजर आए। करीना के बड़े बेटे तैमूर की शरारातें किसी से छुपी नही हैं। तैमूर हमेशा ही मस्ती के मुड में नजर आते हैं। यहीं कारण हैं कि करीना के इंस्टाग्राम पर नटखट तैमूर की सारी अतरंगी हरकतों वाली तस्वीरें मौजूद हैं। हाल ही में करीना के गस्ताद वाली तस्वीरों में तैमूर की शरारत कैद हुई। इस फोटो में तैमूर चश्मा लगाए, बड़ा मुंह खोले पोज देते नजर आ रहे हैं। फोटो को शेयर करते हुए करीना ने लिखा, बिग मूड 2023, मेरा टिम टिम। तैमूर की तस्वीर पर फैंस के कॉमेंट कमाल के हैं। एक यूजर ने लिखा, जूनियर सैफ। वहीं दूसरे ने लिखा, तैमूर मुझे प्रिंस हैरी के बचपन की याद दिलाता है।

# कपिल शर्मा टेलीप्रॉम्प्टर देखकर क्रैक करते हैं जोक्स

# यूजर ने वीडियो में खोली पोल तो भड़के फैंस

**मुंबई, एजेंसी।** द कपिल शर्मा शो टीवी की दुनिया के सबसे पॉपुलर शोज में से एक है, जिसकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। कपिल शर्मा का यह शो कई साल से लोगों के दिलों पर राज कर रहा है। लेकिन हाल ही एक वायरल वीडियो के बाद यह शो निशाने पर आ गया और लोगों ने कपिल शर्मा की कॉमेडी का मजाक उड़ाना शुरू कर दिया। दरअसल हाल ही एक यूजर ने दावा किया कि न तो कपिल शर्मा के जोक्स नैचुरल हैं और न ही कॉमेडी। वह शो में जो कुछ भी बोलते हैं, टेलीप्रॉम्प्टर पर देखकर बोलते हैं। सबूत के तौर पर यूजर ने कपिल शर्मा का वीडियो भी शेयर किया था, जिसके बाद से उनकी कॉमेडी पर सवाल उठने लगे हैं। **Kapil Sharma** हमेशा से अपनी कॉमेडी के लिए जाने जाते रहे हैं। उनके सेंस ऑफ ह्यूमर और जोक्स पर लोग खूब तालियां बजाते हैं। मौजूदा दौर में कपिल शर्मा की गिनती देश के टॉप कॉमेडियंस में होती है। लेकिन अब जो एक वीडियो वायरल हुआ है, उसे देखने के बाद लोग कपिल शर्मा को टारगेट कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि कपिल शर्मा की कॉमेडी में दम नहीं है। वह खुद से कुछ नहीं बोलते हैं और सबकुछ पढ़कर बोलते हैं। अब उनकी कॉमेडी और जोक्स की पोल खुल गई है।



**वीडियो में टेलीप्रॉम्प्टर देख पढ़ते नजर आए कपिल–** एक यूजर ने हाल ही सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी शेयर किया था, जिसमें कपिल शर्मा टेलीप्रॉम्प्टर का सहारा लेकर बोलते नजर आ रहे हैं। स्टेज पर जो विंडो है, उसके रिफ्लेक्शन में टेलीप्रॉम्प्टर पर लिखी स्क्रिप्ट नजर आ रही है। जहां कुछ यूजर्स कपिल शर्मा को ट्रोल कर रहे हैं, वहीं कुछ यूजर्स और फैंस ने कॉमेडियन का सपोर्ट भी किया है।

## फैंस का सपोर्ट– न्यूज एंकर और पीएम भी यही करते हैं

एक फैन ने सपोर्ट में लिखा है, यह जरूरी प्रोसेस है भाई। अगर आप लाइव परफॉर्म कर रहे हैं तो आपको इस बात का ध्यान रखना पड़ता है कि कोई गलती न हो। इसलिए यह जरूरी है। नहीं तो इससे न सिर्फ डायरेक्टर का काम खराब होगा, बल्कि समय भी बर्बाद होगा। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, भाई ऐसी लाइंस कौन याद रख पाएगा। गलतियां तो हो ही जाएंगी। इतना बड़ा शो है, इसकी जरूरत तो पड़ेगी ही। कोई नहीं बोल सकता ब्रो। वहीं एक और फैन ने ट्रोल करने वाले यूजर को लताड़ते हुए लिखा, तो क्या हो गया भाई। न्यूज एंकर भी यही करते हैं और हमें मजा आता है सुनकर। लोग हंसते हैं और क्या चाहिए? एक और फैन ने लिखा, भाई ये तो सिर्फ कॉमेडी शो है, अपने पीएम भी टेलीप्रॉम्प्टर देखकर बोलते हैं। एक शब्द भी उनके मुंह से निकला हुआ उनका खुद का नहीं होता।




# जबलपुर में ठंडे से 8 माह की बच्ची की मौत

## बेबस गूंगी मां, बेटी का शव गोदी में लेकर रोती रही

**जबलपुर, यशभारत।** रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म-6 के बाहर फुटपाथ का नजारा सुबह जिसने भी देखा उसकी आंखों से आंसू नहीं रूके, एक गरीब गूंगी मां अपनी बच्ची का शव गोद में लेकर रोती रही, कभी आसमान की तरफ देखकर भगवान से बेटी को लौटाने की फरियाद लगाती तो कभी राह से गुजरने वाले लोगों से इशारा कर बेटी के नहीं बोलने पर जवाब मांगती। दरअसल ठंडे के चलते रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म-6 के फुटपाथ में रहने वाली शहनाज शाह की 8 माह की बेटी मौत हो गई। बेटी की मौत पर आंसू बहा रही गरीब बेबस मां की पीड़ा उस वक्त और परेशान हो जाती है जब बेटी के शव दफनाने के लिए उसके पास कोई साधन और पैसा नहीं होता है। राह से गुजरने वाले लोगों से मदद मांग रही गरीब मां की स्थिति की जानकारी जब गरीब नवाज कमेटी के इनायत को लगी तो वह अपने साथियों के साथ पहुंचे और शव का अंतिम संस्कार कराया।

### दो दिन की ठंड सहन नहीं कर पाई

दिव्यांग मां शहनाज शाह ने इशारा करते हुए गरीब नवाज कमेटी के सदस्यों को समझाया कि वह और परिवार के अन्य सदस्य फुटपाथ में रहकर ट्रेनों व आसपास के क्षेत्रों में भीख मांगकर गुजर बसर करते हैं। उसकी 8 माह की बेटी थी जिसका नाम करीम शाह था। दो दिन से ज्यादा ठंड होने के कारण बेटी परेशान थी, आज सुबह उठकर देखा तो बेटी ने कोई हलचल नहीं की। अन्य लोगों को दिखाया तो पता चला कि बेटी की मौत हो गई है। फुटपाथ में रहने वाले अन्य परिवार सदस्यों का कहना है कि गरीब के कारण उनके पास ठंड से बचने के लिए प्रर्याप्त कपड़े और साधन नहीं है यही वजह है कि 8 माह की बच्ची ठंड सहन नहीं कर पाई और उसकी मौत हो गई।



# ठंड में सर्वे करने पहुंचे कलेक्टर सौरभ सुमन

## तेवर में सेटेलाइट सर्वे और गैर धान क्षेत्र खसरों का किया सत्यापन

**जबलपुर यशभारत।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन आज मंगलवार की सुबह तेवर पहुँचे और सेटेलाइट सर्वे में गैर धान क्षेत्र बताये गये खसरों के सत्यापन कार्य का जायजा लिया। इस मौके पर जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश तांडेकर, अधीक्षक भू-अभिलेख ललित गवालवंशी एवं तहसीलदार गोरखपुर अनूप श्रीवास्तव भी मौजूद थे। अधीक्षक भू-अभिलेख के अनुसार तेवर ग्राम में सर्वाधिक 163 खसरों को सैटेलाइट सर्वे के सत्यापन में गैर धान क्षेत्र बताया गया था। जिसको राजस्व विभाग के अमले द्वारा किये गये सत्यापन में धान का क्षेत्र पाया था। जिसका आज पुनः सत्यापन किया गया और पूर्व में राजस्व अमले के सत्यापन को सही पाया। कलेक्टर श्री सुमन ने तेवर के बाद पनागर पहुँचकर भी सेटेलाइट सर्वे में गैर धान क्षेत्र बताए गये खसरों का निरीक्षण किया। उन्होंने ऐसे सभी खसरों का दो दिन के भीतर अंतिम तौर पर सत्यापन का कार्य पूरा कर लेने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिये है, धान उत्पादक किसानों की कठिनाइयों को शीघ्र दूर किया जा सके। पनागर में निरीक्षण के दौरान एसडीएम जबलपुर पी के सेनगुप्ता भी मौजूद थे।



# कड़कड़ाती ठंड को देखकर कलेक्टर का निर्णय बदले स्कूलों का समय

## घने कोहरे के साथ जबरदस्त ठंड, हो सकती है बारिश

**जबलपुर, यशभारत।** दो दिन से पड़ रही जोरदार ठंडे को देखते हुए जबलपुर जिले के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों का समय परिवर्तित होगा। इस संबंध में कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने यशभारत को बताया कि संभवतः शाम तक भोपाल से स्कूलों के समय परिवर्तन के आदेश जारी होंगे अगर आदेश नहीं आते हैं शाम को जिला स्तर से आदेश जारी किए जाएंगे। यह निर्णय बच्चों की सेहत को देखकर लिया जाएगा।

नए साल के तीसरे दिन भी कड़ाके की सर्दी से जन जीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ। सर्द हवाओं के कारण लोग या तो घरों में दुबके रहे या फिर अलाव तापते रहे। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है जिन्हें अल सुबह से स्कूल के लिए ठिठुरते जाना पड़ रहा है। सुबह दस बजे धूप जरुर निकली पर लोगों को राहत नहीं मिल सकी। आज सुबह से शीतलहर चलती रही। मौसम विभाग के प्रभारी बीजू जॉन जैकब ने बताया कि अगले दो दिन मौसम में बदलाव नहीं होगा। साथ ही 5 और 6 जनवरी को जबलपुर समेत कई जिलों में मावठा भी गिर सकता है। अगर स्ट्रॉन्ग सिस्टम बनता है, तो तापमान में तेजी से गिरावट होगी। सिस्टम अगर ज्यादा स्ट्रॉन्ग होता है तो ओले भी गिर सकते हैं। इस दौरान तापमान गिरावट आएगी और बादल हटते ही कड़ाके की सर्दी महसूस होगी। दोपहर तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। कोहरे के बीच हिमालय से आ रही बर्फीली हवाएं भी लोगों को ठिठुरा रही हैं घने कोहरे के बीच सुबह निकलने वाले वाहनों की हेडलाइट जलाकर निकले। वहीं शीतलहर से बचने के लिए लोग सुबह से गर्म कपड़ धारण किए रहे वहीं कई जगह आग जलाकर ठंड से बचते रहे। वहीं रात में गलाव वाली ठंड महसूस की गई। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में सर्दी और जोर मारेगी। अभी दो दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा। मौसम विभाग ने हल्के से मध्यम कोहरे की संभावना जताई है। आज सुबह का तापमान सामान्य से कम 8.4 रहा। जो सुबह 11 बजे तक 10.4 डिग्री पर आ गया। चार से पांच किमी प्रतिघंटे की गति से चली उत्तर पूर्वी हवाओं से सोमवार को अधिकतम तापमान तीन डिग्री तक लुढ़क गया।

# दोस्त से मांगी कार 5 लाख रुपये में रख दी गिरवी

## कहा- परिजनों को ले जाना है घुमाने, प्रकरण दर्ज

**जबलपुर, यशभारत।** गोराबजार में अमानत में खयानत का एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है। जहां दोस्त ने पहले तो परिजनों को घुमाने कार मांगी और बाद में कार को पांच लाख रुपये में गिरवी रख दी। जिसके बाद थाने पहुंचे पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसका दोस्त कार वापस नहीं लौटा रहा है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, आरोपी की तलाश में जुटी है।


जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि सुमित यादव 29 वर्ष निवासी बिलहरी ने बताया कि दोस्त अभिषेक श्रीपाल निवासी बरेला उसके घर आया और कहा कि परिजनों को घुमाने ले जाना है कार दे दो। परिचित होने के कारण अभिषेक को उसने अपनी कार क्रमांक एमपी 20 सीएम 0742 दे दी। अभिषेक ने शाम तक कार वापस करने के लिये कहा था, जब 2 दिन तक अभिषेक ने कार वापस नहीं की तो वह उसने अभिषेक से फोन पर बात की एवं कार वापस करने के लिये कहा तो आजकल कहकर अभिषेक ने टाल दिया। उसे पता चला है कि अभिषेक श्रीपाल ने अपने साथियों के साथ मिल कर अमानत में ख्यानत कर उसकी कार पांच लाख रूपये में गिरवी रख दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## स्व. विनोद कुमार अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती शुभद्रा अग्रवाल का निधन



**जबलपुर।** शीतलपुरी कॉलोनी, बल्देवबाग निवासी श्रीमती शुभद्रा अग्रवाल का निधन हो गया। वे जेएनके विवि के प्रो.स्व. प्रो.विनोद कुमार अग्रवाल की पत्नी तथा अनिमेष, अमित व अंकित अग्रवाल की मां थीं। अंतिम संस्कार रानीताल मुक्तिधाम में किया गया।

## वरिष्ठ शिक्षक पंडित श्री जय घनश्याम मिश्र का स्वर्गवास



**जबलपुर।** अन्नपूर्णा मंदिर के पास निवाड़गंज निवासी एवं नवीन विद्या भवन के सेवानिवृत्त शिक्षक पंडित श्री जय घनश्याम मिश्र का स्वर्गवास हो गया है। वे दिनेश मिश्र,सुशील मिश्र, दिलीप मिश्र,अर्चना मिश्र के पिता, डॉ.राजेश मिश्र,रमेश मिश्र,श्रीकांत मिश्र के भाई एवं डॉ सुनील मिश्रा के ससुर तथा नितिन,सचिन, हिमांशु, अभिमन्यु,पियूष,कार्तिक मिश्र के बाबऔरअनिल, सुधीर, राजेश्वर, अश्विनी, अभिषेक, प्रशांत,आनंद, अतुल, कपिल,अनुज,अंबर, सौरभ,गौरव, रौनक,अभिजीत के बड़े पिताजी थे। अंतिम संस्कार रानीताल मुक्तिधाम में किया गया।

साईं हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं साईं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी
MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्दी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK
ANAND CINEMA ROAD
KATANGA CROSSING
NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
ठण्ड के स्पेशल आइटम उपलब्ध है
तिली चिक्की, तिली लड्डू, तिली रेवड़ी, मूंगफली की लइया, रोस्टेट नमकीन, वेफ्स टोस्ट, करेला चिप्स, बिस्केट, फुल्की, गजक, सिंधी पापड़, चने
AK'S Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

JYOTI INNER ZONE
सभी कम्पनियों के विन्टर इनर उपलब्ध
LUX COZI
AMUL MACHO
RUPA
JOCKEY
DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

क्रिसमस एवं नूतन वर्ष की शुभकामनाएं
शॉल ही शॉल...
लक्ष्मी एम्पोरियम
काश्मीरी • प्योरऊल • जमावार • सिप्पीवर्क • कानीवर्क • आरी वर्क
फैंसी रंग डिज़ाईन
नया स्टॉक उचित दाम
मच्छहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
www.shalby.org

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com
www.galaxyhospitaljbp.com

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरूण नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ विशाल पटेल (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर 07614038666, 7049079825 9300920067

॥ अस्थि संचय, देवदर्शन एवं तेरहवीं ॥



स्व.क़पूर चंद जी जैन के सुपुत्र, मनोज जैन (मन्नु) के बड़े भाई
हर्षित सिंघई (जबलपुर महानगर उपाध्यक्ष भाजपा) के पूज्य पिता जी
एवं विशाल सिंघई, अंशुल सिंघई के चाचा जी
श्री राजेश जैन (राजू पहलवान)
का स्वर्गवास दिनांक 01 जनवरी 2023 को हो गया है,
जिनकी अस्थि संचय, देव दर्शन एवं तेरहवीं 04 जनवरी 2023
दिन बुधवार को किया जाना है
अस्थि संचय : प्रातः 08:30 बजे रानीताल मुक्तिधाम
देव दर्शन एवं तेरहवीं : 4 जनवरी 2023, बुधवार
प्रातः 11:00 बजे से दोप 03:00 बजे तक
कार्यस्थल : श्री 1008 चंद्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर, संगम कालोनी, जबलपुर
साधना जैन (पत्नि), हर्षित – रूचि सिंघई (पुत्र – पुत्रवधु), अम्बर जैन – शिवानी सिंघई (बेटी – दमाद)
आर्मश सिंघई, आद्विक सिंघई (नाती) एवं समस्त शोकाकुल परिवार एवं समस्त मित्रगण

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन ( 0761 ) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायलयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )